CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 66 | जयपुर, गुरूवार 26 मार्च, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# पीएम नरेंद्र मोदी और दो केंद्रीय मंत्रियों से मिले भजनलाल शर्मा, प्रदेश के विकास को पंख लगाने के प्रयास

**प्रदेश में संपादित हो रहे विभिन्न विकास प्रोजेक्ट और योजनाओं को लेकर भजनलाल शर्मा ने पीएम मोदी से लिया मार्गदर्शन और सहयोग, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उद्यान मंत्री राम मोहन नायडू से भी की मुलाकात**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को एक बार फिर से दिल्ली में संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दो केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा राम मनोहर नायडू से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने उन्हें चंदन की लकड़ी से निर्मित मां दुर्गा की मूर्ति मोदी को भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रदेश में चल रही विभिन्न तरह की विकास योजनाओं और प्रोजेक्ट की क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी तथा केंद्र सरकार से लगातार मिल रहे सहयोग और मार्गदर्शन के लिए मोदी का आभार भी प्रकट किया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री शर्मा का चेहरा प्रसन्नचित और उत्साहित नजर आया । मुख्यमंत्री शर्मा के हाव-भाव और चेहरे को देखकर साफ लग रहा था कि पीएम मोदी भजनलाल सरकार के कामकाज से काफी खुश और प्रभावित है। प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाकायदा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात को यादगार क्षण बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा ही राजस्थान के विकास और कल्याण को प्राथमिकता देते हैं ।

## केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उद्यान मंत्री राम मनोहर नायडू से मुलाकात के हैं विशेष मायने

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को संसद परिसर में ही केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा की खट्टर से हुई इस मुलाकात के पीछे प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों को गति देने जयपुर में मेट्रो ट्रैक के दूसरे चरण के कार्य को शुरू करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक चर्चा हुई है ।मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत राजस्थान में विभिन्न शहरों में हो रहे विकास कार्यों के बारे में शहरी विकास मंत्री को तमाम तरह की जानकारी उपलब्ध करवाई है इसके अलावा इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आर्थिक सहयोग की भी मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से डिमांड की है। जानकारी के अनुसार जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को प्रदेश सरकार जल्दी से जल्दी शुरू करना चाहती है इसके लिए भी मुख्यमंत्री शर्मा ने मनोहर लाल खट्टर से चर्चा की है इसी तरह से मंत्री राम मनोहर नायडू से मुलाकात के पीछे भी बड़ी वजह बताई जा रही है। नायडू और मुख्यमंत्री शर्मा के बीच हुई बातचीत प्रदेश में वायु यातायात की कनेक्टिविटी को प्रभावी और विस्तार देने जैसे विषयों पर चर्चा हुई है इसके अलावा फ्लाइंग स्कूल तथा कोटा के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने जैसे विषयों पर भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई ।

## प्रदेश के राजनीतिक हालातो को लेकर भी चर्चा होने की संभावना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भजनलाल शर्मा के बीच हुई मुलाकात को वैसे तो नॉर्मल भेंट बताया जा रहा है लेकिन मुलाकात के दौरान प्रदेश के सत्ता और संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा होने की बात कहीं जा रही है। जानकार लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के संगठन से जुड़े विषयों को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं । देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन की वस्तु स्थिति के बारे में भी पार्टी के राज्यों की इकाई से जुड़े नेताओं से फीडबैक लेते रहते हैं इसलिए भजनलाल शर्मा से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के राजनीतिक हालातो को लेकर की चर्चा किए जाने की संभावना है। प्रदेश में सरकार और संगठन के बारे में लोगों की क्या राय है तथा प्रदेश में आगामी महीना में होने वाले पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव के लिए पार्टी की तैयारी इत्यादि के बारे में भी कहीं ना कहीं मोदी ने मुख्यमंत्री शर्मा से चर्चा जरूर की है।

# केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे में 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के तहत पांच नए सुधारो की घोषणा की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे, सूचना एवं प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे द्वारा 2026 के दौरान सुधार करने के संकल्प के अनुरूप पांच नए सुधारों को मंजूरी दी गई है। इन नए सुधारों की मंजूरी के साथ, वर्ष 2026 के लिए सुधारों की कुल संख्या नौ हो गई है,अश्विनी वैष्णव ने बताया कि चल रही 'सुधार एक्सप्रेस' पहल के तहत, चार सुधारों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है और पांच नए सुधार लागू किए जा रहे हैं। इन पांच नए सुधारों में से दो माल ढुलाई से, एक निर्माण से और दो यात्री सुविधा से संबंधित हैं।परिवर्तित करना और नए समाधान पेश करना शामिल था। हालांकि, आगे के परामर्शों से पता चला कि मुख्य समस्या ऑटोमोबाइल वाहक वैगनों के डिज़ाइन में निहित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मौजूदा वैगन डिज़ाइन या तो सिंगल-स्टैक या डबल-स्टैक कॉन्फ़िगरेशन के लिए उपयुक्त हैं, जिससे लचीलापन सीमित हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कई मार्गों पर सुरंगों और पुलों के कारण प्रतिबंध हैं, जहां आयाम अनुसूची (एसओडी) के प्रतिबंध कुछ प्रकार के वैगनों की आवाजाही को रोकते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने एक सुधार लागू किया है जो विशेष वैगन डिज़ाइन की अनुमति देता है और साथ ही उद्योग को लचीलापन भी प्रदान करता है। निर्माता अब विशिष्ट मूल-गंतव्य मार्गों के आधार पर उच्च क्षमता वाले वैगन डिज़ाइन कर सकते हैं। पहले के थोक सीमेंट नीति सुधार के प्रभाव का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि लागू किए गए परिवर्तनों से लोडिंग में तत्काल वृद्धि हुई घअश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगला सुधार रेलवे परियोजनाओं में निर्माण की गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित है, जिसमें सात प्रमुख बदलाव शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहला बदलाव पात्रता मानदंडों से संबंधित है। किसी एक परियोजना के माध्यम से ठेकेदार की क्षमता का आकलन करने की सीमा परियोजना मूल्य के 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल वही कंपनियां, जिनके पास बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने की सिद्ध क्षमता है, समान कार्यों के लिए बोली लगा सकें। इसके अतिरिक्त, पूर्व अनुभव का कम से कम 20 प्रतिशत रेलवे से संबंधित कार्यों में होना अनिवार्य है, यह मानते हुए कि राजमार्ग, बंदरगाह और हवाई अड्डे जैसे विभिन्न क्षेत्रों की जटिलताएं अलग-अलग होती हैं। रेलवे कार्यों के भीतर, जटिलता के स्तर परिभाषित किए गए हैं, जिसमें सिग्नलिंग सबसे जटिल है, इसके बाद ओवरहेड इलेक्ट्रिकल और ट्रैक कार्य आते हैं और तदनुसार प्रासंगिक अनुभव की आवश्यकता होगी।

दूसरे बदलाव के तहत बोली सुरक्षा राशि परियोजना मूल्य के 2 प्रतिशत पर निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य तुच्छ बोलियों को हतोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना है कि केवल गंभीर प्रतिभागी ही निविदा प्रक्रिया में शामिल हों।तीसरे बदलाव के तहत 10 करोड़ रुपये से अधिक की सभी परियोजनाओं के लिए बोली क्षमता का अनिवार्य मूल्यांकन किया गया है, जबकि चौथे बदलाव के तहत भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त दंडात्मक प्रावधान लागू किए गए हैं।पांचवें बदलाव के तहत किसी भी परियोजना के प्रारंभ से पहले एक विस्तृत कार्य योजना अनिवार्य की गई है, जिससे बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी और समय पर निष्पादन सुनिश्चित होगा। छठे बदलाव के तहत अनुमत उप-अनुबंध की सीमा 70 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। ठेकेदारों को अब कम से कम 60 प्रतिशत कार्य अपने स्वयं के पर्यवेक्षण में स्वयं निष्पादित करना होगा, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी और बोलियां प्राप्त करने के बाद अनुबंधों को हस्तांतरित करने की प्रथा में कमी आएगी।सातवां बदलाव अनुचित बोली प्रक्रिया को संबोधित करता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बोली अनुमानित परियोजना लागत से 5 प्रतिशत से अधिक कम है, तो बोलीदाता को अतिरिक्त 5 प्रतिशत प्रदर्शन गारंटी प्रदान करनी होगी। इसका उद्देश्य उन अवास्तविक बोलियों को हतोत्साहित करना है जो बाद में विवादों, मध्यस्थता और परियोजना में देरी का कारण बनती हैं। ये बदलाव सामूहिक रूप से रेलवे परियोजना निष्पादन ढांचे को मजबूत बनाते हैं। इनमें सख्त नैतिक और दंडात्मक उपायों के माध्यम से पारदर्शिता और ईमानदारी को बढ़ावा देना, सख्त पात्रता मानदंडों और उप-अनुबंधों में कमी के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करना और निश्चित बोली सुरक्षा, बोली क्षमता मूल्यांकन और अतिरिक्त प्रदर्शन गारंटी जैसे तंत्रों के साथ समय पर डिलीवरी को बढ़ावा देना शामिल है।

# कॉस्ट एंड केपेबिलिटी, स्पीड, स्टेबिलिटी, स्केल एंड सस्टेनेबिलिटी में राजस्थान पहले नंबर पर : राठौड़

## *कनेक्टिविटी, स्किल और पॉलिसी सपोर्ट से राजस्थान बना उभरता हब*

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को रीको द्वारा आयोजित जीसीसी (ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स) कॉनक्लेव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जीसीसी नीतियों और भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स के क्षेत्र में भारत तेजी से ग्लोबल हब बन रहा है। इसकी शुरुआत बैक ऑफिस कार्यों से हुई थी, अब भारत कॉस्ट एफिशिएंट और वैल्यू क्रिएटर बन चुका है।उन्होंने कहा कि आज देश में इनोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट , फाइनेंस और एनालिटिक्स जैसे महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां अब अपनी कोर क्षमताओं को अलग-अलग देशों में स्थापित कर रही हैं, जिसमें भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है।


उन्होंने राज्य की कनेक्टिविटी को प्रमुख ताकत बताते हुए कहा कि अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे और फ्रेट कॉरिडोर जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से राजस्थान को व्यापक लाभ मिल रहा है। इनसे औद्योगिक विकास और सप्लाई चेन को मजबूती मिली है। राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा राजस्थान आज कनेक्टिविटी, स्किल और पॉलिसी सपोर्ट के आधार पर जीसीसी के लिए सबसे उपयुक्त स्थान बन रहा है। कॉस्ट, कैपेबिलिटी, स्पीड, स्टेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी- हर पैरामीटर पर हम अग्रणी हैं। उन्होंने राज्य के युवाओं की क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा कि हमारे युवा टेलेंटेड हैं और राजस्थान अब एजुकेशन और स्किल हब के रूप में उभर रहा है। हमारा संकल्प राजस्थान के युवाओं के लिए है कि हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव रास्ता दें। आज हम यह पूरे आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि राजस्थान बदलेगा और पूरे देश में सबसे पहले नंबर पर आएगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में केपेटेरिया कल्चर पनप रहा है। ऐसे युवा जब कैफेटेरिया में में आते हैं तो वहां सॉल्यूशन्स, इनोवेशंस, एआई की चर्चा होती है। इस गति से राजस्थान बदल रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर और उदयपुर जैसे शहर बेहतर लाइफ क्वालिटी के साथ उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहे हैं।राठौड़ ने राइजिंग राजस्थान इवेंट का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुएए जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स धरातल पर आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीनों में प्रतिदिन औसतन 7 औद्योगिक प्लॉट उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा, हमने इंडस्ट्री से जुड़ी समस्याओं-जैसे क्लियरेंस और लैंड आदि को तेजी से हल किया है। हमारी टीम की दक्षता ही इन उपलब्धियों की सबसे बड़ी वजह है। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य राजस्थान को मैन्युफैक्चरिंग, इंडस्ट्रियल और सर्विस हब के रूप में स्थापित करना है।

# गर्मी में पेयजल की ठोस व्यवस्था : मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कॉल सेंटर में लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** सार्वजनिक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी गर्मी में प्रदेश के सभी जिलों के लोगों को पेयजल की ठोस व्यवस्था सुलभ किए जाने को लेकर जी जान से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हालांकि अभी भीषण गर्मी का दौर शुरू नहीं हुआ है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के कई जिलों में अचानक बरसात होने की वजह से दिन और रात के तापमान में काफी गिरावट आई । लेकिन अब गर्मी तेवर दिखाने लगी है ऐसे में प्रदेश में सभी जिलों के लोगों को पीने का समुचित पानी मिले इसके लिए पिछले कुछ दिनों से कन्हैयालाल चौधरी लगातार विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग आयोजित करके पेयजल की व्यवस्थाओं का जायजा तो ले ही रहे हैं इसके अलावा जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन को लेकर भी काफी गंभीर हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी चौधरी ने राजधानी जयपुर में जल भवन में विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की बैठक में प्रदेश में जिलेवार पेयजल की व्यवस्थाओं और तैयारी की समीक्षा की जिन जिलों में पेयजल की व्यवस्थाओं को संपादित करने में बड़ी-बड़ी चुनौतियां और कठिनाइयां ज्यादा सामने आती हैं उन जिलों में कैसे और किस तरह से समय से पहले ही पेयजल के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए चौधरी ने अधिकारियों को सभी तरह की तैयारी और व्यवस्था कंप्लीट करने को कहा है चौधरी ने अधिकारियों से साफ कहा है कि संभावित समस्याओं और संभावित चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अभी से पेयजल की वैकल्पिक तैयारी पूरी कर ली जाए ताकि और जरूरत पड़ने पर तुरंत लोगों को पानी उपलब्ध करवाया जा सके। इसके लिए कुछ जिलों में ट्रेन के माध्यम से भी पानी पहुंचाने की व्यवस्थाओं पर काम करने की बात कही गई है मंत्री चौधरी ने बुधवार को बैठक में अधिकारियों से पंप स्टेशन, पाइपलाइन दुरुस्त करने, फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने इत्यादि कार्यों पर गंभीरता से काम करने के लिए अधिकारियों से कहा है इसके अलावा चौधरी ने बुधवार को जल भवन में ही कॉल सेंटर पर जाकर कॉल सेंटर पर प्रदेश भर के लोगों से बातचीत की प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लोगों ने पेयजल को लेकर अपनी पीड़ा मंत्री को बताई जिस पर मंत्री चौधरी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों को लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया चौधरी ने काफी देर तक कॉल सेंटर पर शिकायत करने वाले लोगों से बातचीत की ।



## खाटूधाम के लिए 29 मार्च को शालीमार से श्याम भक्तों का जत्था होगा रवाना

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल शालीमार अलवर के तत्वावधान में 29 मार्च रविवार को शाम 4 बजे भक्तों का एक जत्था बस से खाटू श्याम धाम की पवित्र यात्रा पर रवाना होगा। यह यात्रा भक्ति, श्रद्धा और समर्पण के भाव के साथ चलेगी। मंडल के उपाध्यक्ष जितेंद्र सेतिया व अध्यक्ष भानु प्रकाश सैन ने बताया कि हर महीने की बड़ी एकादशी को श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल शालीमार के तत्वाधान में शालीमार से खाटू श्याम के लिए बस यात्रा करवाई जाती है मार्च माह में 29 मार्च रविवार को शाम 4 बजे एकादशी को जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे श्याम प्रेमी जिनके पास किराया नहीं है ओर वो बाबा श्याम के मंदिर खाटू धाम जाना चाहते हैं उनको मंडल द्वारा नि:शुल्क यात्रा करवाई जाती है। वे मंडल के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

## ओमप्रकाश ढहलावास बने जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिन्द ने ओमप्रकाश ढहलावास (निवासी ढहलावास, अलवर) को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के ओबीसी विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव की सहमति से की गई है। ओमप्रकाश ढहलावास की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में ओबीसी विभाग संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में वे सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## श्रीराम परिवार स्थापना से पूर्व निकाली कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** रामचरण बेनीवाल ने अपने अपनी धर्मपत्नी स्व.श्रीमती रामदेई बेनीवाल की पावन स्मृति पर मौहल्ला शिवपुरा स्थित रत्ती का कुंआ, अलवर पर आज सम्पूर्ण श्रीराम परिवार के स्थापना की जायेगी। इसी कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा डीजे एवं ढोल नंगाडों के साथ कलश यात्रा निकाली जिसे इसी कार्यक्रम के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद विजय तथा विनोद यादव भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष द्वारा महिलाओं को श्रीराम का दुपट्टा पहनाकर कर रवाना किया। आज गुरूवार रामनवमी पर श्रीराम परिवार की हवन-पूजन कर विधिविधान से रत्ती के कुए पर स्थित मन्दिर में स्थापित किया जायेगा। इसके पश्चात भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद विजय एवं श्री शिवाजी मण्डल अध्यक्ष सतीश यादव अतिथि के रूप शामिल होंगे।

## 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित होगा 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' विशेष अभियान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजकीय कार्यालयों में स्वच्छता, रिकॉर्ड प्रबंधन, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण हेतु 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' विशेष अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि उन्होंने बताया कि समस्याओं के निराकरण एवं सुशासन को सुदृढ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता आयोजित किया जाएगा। इसके तहत सरकारी कार्यालयों में पत्रावलियों एवं प्रकरणों का अनावश्यक लंबित होना, रिकॉर्ड/दस्तावेजों का अव्यवस्थित प्रबंधन, कार्यालय परिसरों का अप्रभावी उपयोग, ई-वेस्ट एवं अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण आदि कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले के राजस्व विभाग के अधीन समस्त कार्यालयों हेतु अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार कलक्ट्रेट यशवंत मीणा एवं प्रशासनिक अधिकारी नवीन शर्मा को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को विभागीय नोडल अधिकारी, उपखण्ड क्षेत्र हेतु समस्त उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं संबंधित तहसीलदार सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## बीमार अस्पताल : राजाखेड़ा में एक्स-रे मशीन बंद, दवाइयों का टोटा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मरीजों का इलाज करने वाला राजाखेड़ा का सरकारी अस्पताल खुद अव्यवस्थाओं का शिकार नजर आ रहा है। अस्पताल में एक्स-रे मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है, वहीं जरूरी दवाइयों की कमी के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार दर्द निवारक ट्यूब, कैल्शियम की गोलियां सहित कई आवश्यक दवाइयां काफी समय से उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को मजबूरी में बाजार से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। इस संबंध में स्थानीय चिकित्सकों का कहना है कि केवल राजाखेड़ा ही नहीं, पूरे जिले में दवाइयों की कमी बनी हुई है, जबकि सीएमएचओ स्तर से दवाइयों की उपलब्धता का दावा किया जा रहा है। अस्पताल में प्रसूता महिलाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। जच्चाओं को डिलीवरी के दौरान जरूरी सामान, यहां तक कि सेनेटरी पैड भी बाजार से मंगवाने पड़ रहे हैं, जबकि यह सुविधा अस्पताल से उपलब्ध होनी चाहिए। इसके चलते आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। जच्चा वार्ड में बेड पर चादरों की कमी और स्वच्छता के अभाव की शिकायतें सामने आई हैं। मरीजों का आरोप है कि डॉक्टरों का समय पर नहीं आना भी आम बात हो गई है, जिससे इलाज में देरी होती है।

# सीएमएचओ कार्यालय में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**खैरथल(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यक्रम में सहयोगी स्वयंसेवी संस्था सक्षम महिला समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए एचआईवी/एड्स के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच और उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि एड्स (AIDS - Acquired Immunodeficiency Syndrome) एक गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी (HIV - Human Immunodeficiency Virus) नामक वायरस के कारण होती है। यह वायरस शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति अन्य बीमारियों के प्रति संवेदनशील हो जाता है। बैठक में बताया गया कि सरकारी आईसीटीसी (ICTC) केंद्रों पर एचआईवी की जांच पूरी तरह नि:शुल्क और गोपनीय रखी जाती है। साथ ही एचआईवी एवं एड्स (निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के तहत संक्रमित व्यक्तियों के साथ भेदभाव करना दंडनीय अपराध है। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन 1097 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि एचआईवी संक्रमण मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिंज का उपयोग, संक्रमित रक्त चढ़ाने तथा संक्रमित मां से बच्चे में (गर्भावस्था, जन्म या स्तनपान के दौरान) फैलता है। इसके शुरुआती लक्षणों में बुखार, थकान और गले में दर्द शामिल हो सकते हैं, जबकि बाद में वजन कम होना, बार-बार संक्रमण होना, लगातार खांसी और त्वचा संबंधी समस्याएं देखी जा सकती हैं। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि हाथ मिलाने, गले लगाने, साथ भोजन करने, शौचालय उपयोग करने, मच्छर या अन्य कीड़ों के काटने तथा हवा या पानी के माध्यम से एचआईवी नहीं फैलता। इसलिए संक्रमित व्यक्तियों के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। बैठक में बताया गया कि एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART) के माध्यम से एचआईवी को नियंत्रित किया जा सकता है और उचित उपचार, परामर्श तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य जीवन जी सकता है। अंत में प्रशासन ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक बनें, सुरक्षित व्यवहार अपनाएं, समय-समय पर जांच करवाएं तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग का भाव रखें।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर ने वीसी के माध्यम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निस्तारण एवं राजस्व कोर्ट केसेज की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी सजगता एवं संवेदनशीलता से कार्य करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी लंबित कोर्ट केसेज का नियमित तौर पर नियमानुसार निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपखण्डवार राजस्व वाद निस्तारण, सीमाज्ञान, नामांतरण, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर संबंधित उपखण्ड अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन प्राथमिकता से करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय एवं स्टार मार्क के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, उपखंड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, उपखंड अधिकारी कठूमर श्यामसुंदर चेतीवाल, उपखंड अधिकारी रैणी हरकेश मीणा सहित समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभार्थी परिवार को मिला 2 लाख रुपये का क्लेम

### खैरथल-तिजारा में डीसीसी/डीएलआरसी बैठक आयोजित, 2026-27 के लिए 16468.45 करोड़ रुपये ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।(निसं.)** जिला खैरथल-तिजारा की वर्ष 2025-2026 की अंतिम तिमाही की डीसीसी/डीएलआरसी (DCC/DLRC) बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार, खैरथल में अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-2026 की 31 दिसंबर 2025 तक की बैंकिंग प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए आवंटित ऋण लक्ष्यों पर विचार-विमर्श करते हुए मार्च 2027 तक कुल 16,468.45 करोड़ रुपये का ऋण वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत लाभान्वित परिवार को 2 लाख रुपये की बीमा राशि का क्लेम स्वीकृत होने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। बैठक में संयोजक हरि नारायण मीना, अग्रणी जिला मुख्य प्रबंधक के साथ रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक अक्षय गुम्बर, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक दीपक जाखड़, पंजाब नेशनल बैंक के उप मंडल प्रमुख नरेश गढ़वाल तथा जिला उद्योग केंद्र खैरथल के महाप्रबंधक अभिनेन्द्र सैनी सहित जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयक अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलेभर में गैस एजेंसियों का निरीक्षण, उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.),** जिले में घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं किसी प्रकार की कालाबाजारी अथवा अनियमितता पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया।अतिरिक्त जिला कलेक्टर एंव उपखंड अधिकारियों द्वारा जिले की लगभग सभी गैस एजेंसियों पर पहुंचकर गैस वितरण व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर, बुकिंग प्रणाली एवं उपभोक्ताओं को की जा रही आपूर्ति की जांच की गई। जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने बताया कि जिले में वर्तमान में घरेलू एलपीजी गैस की सप्लाई पूरी तरह से सामान्य है और गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित रूप से उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी स्तर पर गैस की कालाबाजारी, ओवरचार्जिंग या कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा बुकिंग के बाद अनावश्यक देरी नहीं की जाए। साथ ही सभी एजेंसियों को गैस स्टॉक एवं वितरण का रिकॉर्ड सही तरीके से संधारित करने और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल में अलवर के सुभांश नरूका प्रथम, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिले के होनहार मुक्केबाज सुभांश नरूका ने अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर मुक्केबाजी ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 66-70 किलोग्राम वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सुभांश के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 5 से 11 अप्रैल 2026 तक नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में वे राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। सुभांश नरूका की इस उपलब्धि पर अलवर जिला मुक्केबाजी संघ के पदाधिकारियों, कोचों एवं खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की।

## प्रभावित बीमित फसल के कृषक आपदा के 72 घण्टे के अंदर करें सूचित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल कटाई उपरान्त अधिकतम 14 दिन की अवधि में सूखने के लिए खेत में काटकर फैलाकर छोडी गई फसल को चक्रवात, चक्रवती वर्षा, असामयिक वर्षा तथा ओलावृष्टि से व्यक्तिगत आधार पर हुए नुकसान के लिए फसल बीमा क्लेम आवरण उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रभावित बीमित फसल के कृषक को आपदा के 72 घण्टे के अंदर सीधे भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि रक्षक पोर्टल एवं हैल्पलाइन 14447 पर अथवा क्रोप इंश्योरेंस एप अथवा लिखित में अपने बैंक/कृषि विभाग के अधिकारियों के माध्यम से सूचित करना आवश्यक है। बैंक स्तर पर इस संबंध में सूचना प्राप्त होने पर बीमित फसल, बीमित क्षेत्र, प्रीमियम की कटौती की तिथि आदि का सत्यापन करते हुए बीमा कम्पनी को प्रकरण निर्धारित समय सीमा में अविलम्ब अग्रेषित करना होगा। उन्होंने बताया कि यदि तकनीकी खराबी की वजह बीमित कृषकों द्वारा पोस्ट-हार्वेस्ट लॉसेस के हानि के इंटीमेशन दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। तो ऐसी परिस्थिति में सुविधानुसार निकटतम कृषि कार्यालय में लिखित सूचना देवे। फसल में क्षति का आंकलन सर्वेयर द्वारा संबंधित कृषक व स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के साथ संयुक्त रूप से किया जावेगा। यह आंकलन सर्वे दस दिन के अंदर पूर्ण किया जावेगा।

## पेंशनर्स ने 'काला दिवस' मनाया, केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पेंशनर समाज के बैनर तले पेंशनर्स ने 'काला दिवस' मनाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिले के कलेक्ट्रेट परिसर पर एकत्रित हुए पेंशनभोगियों ने वैधता अधिनियम 2025 के विरोध में नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्रालय के माध्यम से जारी यह अधिनियम पेंशनभोगियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करता है। उनका आरोप है कि इस कानून के लागू होने से सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर पेंशनर्स के बीच अंतर किया जाएगा, जिससे पुराने पेंशनभोगियों को नए वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ नहीं मिल पाएगा। जिला महामंत्री अनवार अहमद और जिला अध्यक्ष विशम्भर दयाल शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रधानमंत्री के नाम अपील करते हुए कहा गया कि यह अधिनियम सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक 'डी.एस. नाकरा बनाम भारत संघ' फैसले का हवाला देते हुए बताया कि पेंशन एक अधिकार है, न कि कोई दया। पेंशनर्स ने यह भी कहा कि 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को इस कानून से भारी नुकसान होगा। उन्होंने मांग की कि जैसे सातवें वेतन आयोग में पेंशनर्स के बीच समानता का सिद्धांत अपनाया गया था, उसी प्रकार आठवें वेतन आयोग में भी इसे बरकरार रखा जाए।

अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आह्वान पर देशभर में 25 मार्च को 'काला दिवस' मनाया गया। धौलपुर में भी पेंशनर्स ने एकजुट होकर सरकार से इस अधिनियम को तत्काल वापस लेने और पेंशनभोगियों को राहत देने की मांग की।

# आर जी एच एस संकट से बुजुर्ग पेंशनर्स कराह रहे और मुख्यमंत्री दिल्ली भ्रमण में व्यस्त

### प्रदेश में गैस संकट पर मुख्यमंत्री तुरंत बुलाए सर्वदलीय बैठक: टीकाराम जूली, नेता प्रतिपक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर/जयपुर(निसं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की वर्तमान बदहाली पर भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री जनता की पीड़ा समझने के बजाय 'नॉन-रेसिडेंट मुख्यमंत्री' की भूमिका निभा रहे हैं। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं और आर जी एच एस योजना की हालत अब केवल चरमराहट तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी तरह पतन की स्थिति में पहुँच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों ने पिछले वर्ष ही चेतावनी दी थी कि भुगतान न मिलने पर सेवाएं रोकनी पड़ेंगी, लेकिन सरकार बेरुखी और संवेदनहीनता की मूर्ति बनी रही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेशभर में निजी अस्पतालों और दवा दुकानों के करोड़ों रुपये अटके पड़े हैं। इसकी सबसे बड़ी मार हमारे बुजुर्ग पेंशनर्स पर पड़ रही है। अब ओपीडी में कैशलेस दवाएं मिलना बंद हो गई हैं और मरीज बिना इलाज के दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

#### एलपीजी संकट पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार

नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में उपजे ऊर्जा और ईंधन संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता गैस के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। जूली ने सवाल उठाया कि क्या ऐसे गंभीर समय में मुख्यमंत्री को सभी दलों को साथ लेकर सर्वदलीय बैठक नहीं बुलानी चाहिए थी ताकि मिलकर इस संकट का समाधान निकाला जा सके।

#### 'नॉन-रेसिडेंट' मुख्यमंत्री: एक पैर हमेशा दिल्ली में

मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए जूली ने कहा कि राजस्थान की चिकित्सा और व्यवस्था लगभग ढह चुकी है, जनता का जीवन खतरे में है, लेकिन मुख्यमंत्री का एक पैर हमेशा दिल्ली में ही रहता है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को कॉन्फिडेंट होकर नेतृत्व करना चाहिए था और स्वास्थ्य मंत्री जो को इस संकट को सुलझाने के लिए निर्देश देने चाहिए थे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के विजन की याद दिलाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो लोग तुलना की बात करते हैं, उन्हें एक बार अस्पतालों की जमीनी हकीकत देख लेनी चाहिए। कांग्रेस के समय जो स्वास्थ्य ढांचा खड़ा किया गया था, उसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। आज प्रदेश कराह रहा है और मुख्यमंत्री दिल्ली घूम रहे हैं। अब विज्ञापनों के झूठ से जनता को और अधिक गुमराह नहीं किया जा सकता।

## कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग : मजदूर और कर्मचारियों में छाई दहशत, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली जिले में मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात वजह से एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई जिस फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर और कर्मचारियों में खलबली मच गई कर्मचारी मजदूर अपनी जान बचाने के लिए फैक्ट्री से बाहर भाग गए बाद में सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर दमकल की कई गाड़ियों को बुलाया गया क्योंकि फैक्ट्री में भारी मात्रा में कच्चा और पक्का सामान रखा हुआ था इसलिए आग की लपटों ने थोड़ी ही देर में पूरी फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया जिसकी वजह से आसपास के इलाके में चारों तरफ धुआं ही धुआं और आग की ऊंची लपट दूर से ही दिखाई दे रही थी जानकारी के अनुसार कड़ी मशक्कत के बाद हालांकि दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक फैक्ट्री पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई थी और फैक्ट्री में रखा हुआ सभी तरह का कच्चा और पक्का उत्पाद यंत्र उपकरण इत्यादि सभी जलकर क्षतिग्रस्त हो गए खबर लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया आग किस वजह से लगी इस संदर्भ में पुलिस ने मौका मुआयना किया है फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोगों से भी पूछताछ की जा रही है इसके अलावा फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है लेकिन इस आगजनी से फैक्ट्री में भारी मात्रा में नुकसान हुआ है घ्उल्लेखनीय है कि इस औद्योगिक क्षेत्र में पहले भी इसी तरह से आगजनी की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी है इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में कपड़ा फैक्ट्री मौजूद है इसलिए बार-बार हो रही आगजनी की इन घटनाओं को लेकर फैक्ट्री के मालिकों कर्मचारियों और मजदूरों में भी चिंता छाई हुई है ।

## टॉपर छात्रा का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुकुंदगढ़ रोड स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर छात्रा विनीशा पुत्री राजकुमार का बुधवार को स्कूल प्रांगण में सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार ने बताया कि कक्षा 10 में छात्रा ने 98.50 ' अंक प्राप्त उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्रा का साफा पहनाकर कर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अच्छे अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गांव की जमीन का डिजिटल पट्टा, संपत्ति के अधिकार की क्रांति

### गांवों में मालिकाना हक की नई शुरुआत

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** स्वामित्व योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसकी देशव्यापी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, 24 अप्रैल 2021 को की गई। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के अधिकारों को डिजिटल रूप में मान्यता देना और ग्रामीणों को उनकी संपत्ति के स्वामित्व का प्रमाण पत्र प्रदान करना है। राजस्थान में इस योजना का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। स्वामित्व योजना ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है, जिसमें ड्रोन तकनीक का उपयोग करके भूमि पार्सल का मानचित्रण किया जाता है और संपत्ति के मालिकों को कानूनी स्वामित्व कार्ड (संपत्ति कार्ड/स्वामित्व विलेख) जारी करने के साथ गांव के घरेलू मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जाता है। स्वामित्वधारियों को राजस्थान पंचायत राज नियम-1996 के तहत भूमि का विधिक दस्तावेज (स्वामित्व कार्ड) प्रदान किया जाता है। यह योजना विविध पहलुओं को शामिल करती है, जैसे संपत्तियों के मुद्रीकरण की सुविधा और बैंक ऋण को सक्षम करना, संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना, व्यापक ग्राम स्तर की योजना से सही मायने में ग्राम स्वराज प्राप्त करने और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम होगा। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अब अपनी संपत्ति को एक वैध दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत कर सकते है, जिससे उन्हें ऋण लेने और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी। इस योजना का उद्देश्य संपत्ति को वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में उपयोग करने में सक्षम बनाकर वित्तीय स्थिरता लाना, ग्रामीण नियोजन के लिए सटीक भूमि अभिलेखों का निर्माण और संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना, संपत्ति कर का निर्धारण, जो उन राज्यों में सीधे ग्राम पंचायतों को प्राप्त होगा जहां इसे हस्तांतरित किया गया है या फिर राज्य के खजाने में जोड़ा जाएगा, सर्वेक्षण अवसंरचना और जीआईएस मानचित्रों का सृजन, जिनका उपयोग किसी भी विभाग द्वारा किया जा सके तथा जीआईएस मानचित्रों का उपयोग करके बेहतर गुणवत्ता वाली ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने में सहायता करना। इस योजना का लाभ ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकान व भूखंडों की स्वामित्वधारी पंचायती राज विभाग से संपर्क कर उठा सकते हैं। योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोगात्मक प्रयासों से क्रियान्वित किया जा रहा है।

**Anmol Special Teacher Training Center**

**बी.एड. विशेष शिक्षा (आई.डी.) पाठ्यक्रम हेतु**

1. प्राचार्य (Principal)
2. सह-आचार्य (Associate Professor)
3. सहायक आचार्य (Assistant Professor)
4. नैदानिक मनोवैज्ञानिक (Clinical Psychologist) की आवश्यकता है।

**योग्यता:**

भारतीय पुनर्वास परिषद , नई दिल्ली एवं राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानदंडानुसार।
स्थान: झोटवाड़ा, जयपुर (राजस्थान)
ईमेल: anmolspecial535@gmail.com
**मोबाइल: 9460655371, 9468650126**

# सीनियर आईपीएस पंकज चौधरी ने हजारों किलोमीटर ऊपर विमान में उपद्रव कर रहे लड़कों को सिखाया सबक, यात्रियों ने चौधरी को बोला थैंक्स

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय पुलिस सेवा के राजस्थान कैडर के वरिष्ठ अधिकारी पंकज चौधरी अपनी दबंग छवि के लिए माने जाते हैं इन्हें ऐसे अधिकारी के रूप में ख्याति प्राप्त है जो बड़े-बड़े राजनेताओं के दबाव में भी नहीं आते इसलिए इनकी दबंग छवि के चर्चे समय-समय पर मीडिया की सुर्खियों में भी बने रहते हैं अभी एक और मामले को लेकर पंकज चौधरी काफी चर्चा में हैं इस बार पंकज चौधरी ने धरती से हजारों किलोमीटर ऊपर हवा में उड़ते प्लेन में मनचले और हंगामा मचा रहे तीन लड़कों को काबू में किया उन्हें डाटा फटकार और विमान में शांतिपूर्वक यात्रा करने के लिए कहा करीब 15 से 20 मिनट तक यह तीनों लड़के विमान में अफवाह फैलाने की प्रयास कर रहे थे विमान क्रैश हो जाएगा इस तरह की बात कहकर हंगामा मचा रहे थे विमान के क्रू मेंबर से भी इन्होंने काफी देर तक अनर्गल बहस की विमान के थ्रू मेंबर और इन लड़कों के बीच करीब 15 से 20 मिनट तक जोरदार बहस होती रही लड़के अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल करते रहे मामला काफी गर्म हो गया था जिसकी वजह से विमान में सवार यात्रियों को भी काफी परेशानी हो रही थी इस दौरान इसी विमान में सवार पंकज चौधरी ने जब यह समझ लिया कि लड़के मानने वाले नहीं हैं और बिना डांट फटकार के यह लड़के चुप नहीं होंगे तो उन्होंने खुद इस पूरे मामले को हैंडल किया और उन्होंने तीनों लड़कों को जोरदार डांट फटकार लगाई चौधरी ने अपना परिचय भी दिया हालांकि चौधरी ने विमान के क्रू मेंबर को भी काफी भला बुरा कहा चौधरी ने तीनों लड़कों और क्रू मेंबर दोनों पक्षों को फटकार तब जाकर तीनों लड़के और क्रू मेंबर शांत हुए अन्यथा विमान में सवार सभी यात्री हंगामा देख कर काफी परेशान और विचलित हो गए थे जानकारी के अनुसार यह मामला पिछली 8 मार्च का है जब गुवाहाटी से दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान में जमीन से हजारों किलोमीटर ऊपर हवा में विमान में सवार तीन लड़कों ने बिना बात ही हंगामा मचाना शुरू कर दिया अफसोस वाली बात यह है कि करीब 15 से 20 मिनट तक तीनों लड़के हंगामा मचाते रहे और क्रू मेंबर से भी लड़ाई झगड़ा करते रहे लेकिन विमान में सवार किसी भी यात्री ने बीच बचाव करने का प्रयास नहीं किया तभी इसी विमान में सवार आईपीएस पंकज चौधरी ने खुद मोर्चा संभाला और तीनों लड़कों को काबू में किया हालांकि बाद में विमान के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने तीनों लड़कों को अपने हिरासत में ले लिया हालांकि इस दौरान तीनों लड़कों में से एक लड़के की मां ने भी फोन करके इस पूरे घटनाक्रम के लिए माफी मांगी और अपने बेटे को माफी देने की गुहार भी की जानकार लोगों का कहना है कि हवा में इस तरह से उड़ते विमान में हंगामा मचाना नियमों के खिलाफ है इस तरह से हंगामा बढ़ाने से एक तरफ जहां विमान में यात्रा कर रहे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है तो दूसरी तरफ विमान हादसा होने की भी संभावना बन जाती है इसलिए जब विमान धरती से हजारों किलोमीटर ऊपर उड़ रहा हो उस समय इस तरह हंगामा मचाना खतरे से खाली नहीं है इसलिए इस तरह का मामला फिर देखने को नहीं मिले इसके लिए विमानन कंपनियां केंद्र सरकार सभी को और भी ठोस कदम उठाने ही होंगे ।

## मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक बनाने का कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं : गजेंद्र सिंह शेखावत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत में जोर देकर कहा है कि प्रदेश के प्रमुख मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक बनाने का किसी भी तरह का कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं है शेखावत के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि फिलहाल केंद्र सरकार मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने को लेकर गंभीर नहीं है हालांकि आदिवासी क्षेत्र के लोग मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं वर्ष 1913 में गुरु गोविंद के नेतृत्व में मानगढ़ धाम में एक बड़ी सभा का आयोजन हो रहा था बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद थे उसी समय अंग्रेजों ने सभा में मौजूद लोगों पर गोलियां बरसाईं जिसमें करीब 1500 आदिवासी मौत की नींद सो गए थे तब से ही आदिवासी समाज के लोग इस स्थान को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं आदिवासियों का कहना है कि मानगढ़ धाम ठीक जलियांवाला कांड की तरह ही था जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान अंग्रेजों ने ले ली थी हालांकि राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण की ओर से भी मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किए जाने की मंजूरी प्रदान कर दी है लेकिन फिलहाल केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मानगढ़ धाम को लेकर जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है उसे साफ है कि फिलहाल मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने को लेकर केंद्र सरकार सक्रिय नजर नहीं आ रही जानकार लोगों का कहना है कि वैसे प्रदेश के सभी राजनीतिक दल जब भी विधानसभा और लोकसभा चुनाव होते हैं तब सभी राजनीतिक दल मानगढ़ धाम में एक बड़ी सभा का आयोजन जरूर करते हैं जिसमें लाखों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग आते भी हैं इन सभाओं में सभी पार्टियों के नेता बड़े-बड़े वादे भी करते हैं मानगढ़ धाम की 1913 की घटना का भी वर्णन करते हैं राजनेता इसको राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का भरोसा भी दिलाते हैं लेकिन आजादी के कितने सालों बाद भी अभी तक मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किया गया जबकि केंद्र में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की सरकारों का राज रहा और वर्ष 2014 से एनडीए सरकार का शासन कायम है लेकिन अभी तक मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किए जाने की आदिवासियों की वर्षों पुरानी मांग बरकरार है ।

## श्री गंगानगर कोर्ट को बम से उडाने की धमकी, कोलकाता से गलत एड्रेस से आया धमकी भरा लेटर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में एक बार फिर से कोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिली इस बार श्रीगंगानगर कोर्ट को बम से उडाने की मिली है लेकिन इस बार ईमेल और फोन कॉल के माध्यम से नहीं बल्कि कोलकाता से एक फर्जी एड्रेस के माध्यम से कोर्ट प्रशासन के नाम एक पत्र आया है जिसमें कोर्ट में बम होने की बात कही गई हालांकि सूचना मिलने के बाद शहर के पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर बीकानेर से बमनिरोधक दस्त और डाग स्क्वायड को भी बुलाया गया काफी देर तक कोर्ट परिसर में तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया कोर्ट परिसर के आसपास के इलाके में भी जांच पड़ताल और तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया लेकिन एक बार फिर से कोर्ट में बम होने की सूचना फर्जी मिली तब जाकर कोर्ट प्रशासन से जुड़े लोगों वकीलों और कोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े मामलों को लेकर आने वाले लोगों को राहत मिली जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर कोर्ट परिसर में कोलकाता के गलत एड्रेस से डाक के माध्यम से एक लेटर आया जिसमें बुधवार को कोर्ट में बम होने और बम के फटने की बात लिखी गई थी जिसके बाद कोर्ट प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस मौके पर आई और कोर्ट परिसर को पूरी तरह से खाली करवा लिया वकीलों के चेंबर भी खाली करवाए गए पुलिस ने काफी देर तक जांच पड़ताल की लेकिन तलाशी अभियान और जांच पड़ताल में पुलिस को मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया पुलिस अब कोर्ट में आए पत्र की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है प्रारंभिक जांच पड़ताल में कोलकाता का जो एड्रेस पत्र में लिखा गया है वह पूरी तरह से फर्जी पाया गया है उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से राजधानी जयपुर अजमेर कोटा उदयपुर बीकानेर श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में जिलाधीश कार्यालय और जिला कोर्ट कार्यालय को बम से उडाने की धमकी पूर्व में मिल चुकी है राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर खंडपीठ और जोधपुर खंडपीठ को भी कई बार बम से उडाने की धमकी दी जा चुकी है हालांकि इस तरह की धमकियां ईमेल के माध्यम से ही ज्यादा मिला लेकिन बुधवार को श्रीगंगानगर जिला कोर्ट को पत्र के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई

## प्रदेश भाजपा ने संभाग और जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किए किए, जयपुर संभाग में कैलाश वर्मा और जोधपुर में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को दी गई जिम्मेदारी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने और पार्टी के कार्यक्रमों विचारधारा इत्यादि को जन-जन तक प्रभावी तरीके से मीडिया के माध्यम से पहुंचने के लिए प्रदेश भाजपा ने प्रदेश के सभी सात संभाग और 44 जिलों में मीडिया प्रभारी नियुक्त किए हैं जयपुर संभाग में विधायक कैलाश वर्मा ,जोधपुर संभाग में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ,अजमेर संभाग में राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, कोटा संभाग में जयपुर नगर निगम की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, उदयपुर संभाग में कुलदीप धनकड़, बीकानेर संभाग में दशरथ सिंह, भरतपुर संभाग में लक्ष्मीकांत भारद्वाज को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी संभाग के अलावा 44 जिलों में मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं नियुक्त किए गए मीडिया प्रभारी बाकायदा अपने-अपने संभाग और जिलों में दौरा करेंगे संभाग प्रभारी अपने संभाग के अधीन सभी जिलों के मीडिया प्रभारी के साथ समन्वय और संतुलन बनाते हुए पार्टी की विचारधारा नीति और कार्यक्रमों के बारे में प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में प्रभावी तरीके से पार्टी का पक्ष रखेंगे इसके लिए जिला प्रभारी संभाग प्रभारी के नियमित संपर्क में रहेंगे, जानकारों का कहना है कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जन-जन तक पहुंचने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से पिछले सवा दो साल में जो उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं उनके बारे में मीडिया के माध्यम से जनता को जानकारी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी मीडिया प्रभारी को दी गई है जानकार लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं सरकार और संगठन से जुड़े बड़े लोगों को यह लगता है कि प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है और पिछले सवा दो साल में सरकार ने काफी अच्छा काम किया है राजस्थान में और केंद्र में दोनों ही जगह पर सरकार अच्छा कार्य कर रही है लेकिन इन कार्यों के बारे में प्रचार प्रसार ठीक तरह से नहीं किया जा रहा इसलिए विपक्षी दल विभिन्न मुद्दों और विषयों को लेकर लगातार सरकारों को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं के एलिगेशन और अनर्गल बयान बाजी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश भाजपा ने मीडिया प्रभारी की नियुक्ति की है जानकार लोगों का कहना है कि जिन नेताओं को नियुक्ति मिली है वह सभी नेता अच्छे प्रवक्ता और जनता से जुड़े मुद्दों और विषयों के बारे में अच्छी पकड़ रखते हैं इसलिए मीडिया प्रभारी की नियुक्ति से कहीं ना कहीं प्रदेश में सत्ता और संगठन को प्रदेश के लोगों में अपना भरोसा और विश्वास बनाए रखने में काफी मदद मिलेगी ।

## मुस्लिम महिलाओं को हक मिलना चाहिए, समान नागरिक संहिता पूरे देश में लागू हो : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि देश में समान नागरिक संहिता हर जगह लागू होनी चाहिए उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को उनका हक और सम्मान मिलना चाहिए उन्होंने कहा कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने भी शाहबानो केस में मुस्लिम महिलाओं के हक में फैसला दिया था हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को संसद ने खारिज कर दिया लेकिन इसके बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मामलों में मुस्लिम महिलाओं के हक में फैसला दिया है क्योंकि भारत के संविधान में भी समान हक की बात उल्लेखित है इसलिए समान नागरिक संहिता देश में सभी जगह लागू होनी चाहिए उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता उत्तराखंड में लागू हो गई है और गुजरात में भी जल्दी ही लागू हो जाएगी देश के कई अन्य राज्यों में भी यह लागू होने वाला है ।एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ संसद में हंगामा मचाने आते हैं अगर उन्हें कोई बात कहनी है या बहस करनी है तो इसके लिए संसद की कार्य सलाहकार समिति की बैठक या सर्व दलीय बैठक में अपनी बात कहनी चाहिए लेकिन राहुल गांधी सर्वदलिए बैठक में भी आना नहीं चाहते और संसद की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में भी दिलचस्पी नहीं लेते इसलिए बिना नियम और कायदों के उन्हें संसद में कैसे बोलते दिया जा सकता है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं उन्हें अपनी जिम्मेदारी को ठीक तरह से समझना चाहिए और उसी तरह से लोकसभा में अपना व्यवहार और नैतिक आचरण बनाए रखना चाहिए लेकिन राहुल गांधी से हंगामा करने के मकसद से ही लोकसभा में आते हैं मदन राठौड़ ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि तेल और गैस संकट भारत में ही नहीं है बल्कि यह वैश्विक संकट है इसमें पक्ष और विपक्ष को राष्ट्रहित में एक साथ बैठकर लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों और समस्याओं का निराकरण करना चाहिए राठौर ने कहा कि अगर हमारे घर में खाने का सामान समाप्त हो जाता है तो हम पड़ोस में जाकर यह थोड़ी कहेंगे कि हमारे घर में राशन खत्म हो गया अगर हम पड़ोस में यह बात कहेंगे तो इससे हमारे घर की बदनामी होना निश्चित है इसलिए विपक्ष अगर इस समय यह कहे कि भारत में तेल और गैस का संकट है तो यह एक तरीके से विपक्ष के उस चरित्र को दर्शाता है जिसमें राष्ट्र प्रेम का भाव न हो राठौर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में तेल और गैस पर्याप्त मात्रा में है लेकिन अगर यह लड़ाई लंबी चलती है तो फिर आगामी दिनों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में भी व्यवस्थाओं में परिवर्तन करना जरूरी हो जाता है इसलिए हम सबको सामूहिक रूप से इस वैश्विक संकट का सामना करना चाहिए ।

## महिला कांग्रेस का प्रदर्शन पूरी तरह फ्लॉप, जनता का नहीं मिला समर्थन- राखी राठौड़



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को पूरी तरह फ्लॉप शो करार दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन को न तो आम जनता का समर्थन मिला और न ही महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर झूठ, भ्रम और अफवाह फैलाने की राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में जहां पूरे देश को एकजुट होने की आवश्यकता है, वहीं कांग्रेस राजनीतिक लाभ लेने के लिए अनावश्यक भय और असंतोष का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। राखी राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि देश में किसी प्रकार का एलपीजी संकट नहीं है और जिन उपभोक्ताओं के पास वैध कनेक्शन हैं, उन्हें गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। अगर वास्तव में कोई गंभीर समस्या होती, तो जनता का समर्थन स्वतः दिखाई देता, लेकिन प्रदर्शन में भीड़ की कमी ही इसकी सच्चाई बता रही है। कांग्रेस का इस तरह का प्रदर्शन साफ दिखाता है कि कांग्रेस देशद्रोही काम कर रही है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कांग्रेस नेतृत्व पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए, जिससे उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े होते हैं। 'जब देश को एकजुट होकर समाधान ढूंढने की जरूरत है, तब कांग्रेस नेतृत्व अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं में व्यस्त है। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि सरकार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ते कदम और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास इसका प्रमाण हैं। राखी राठौड़ ने कहा कि 2013 में जहां देश में लगभग 14 करोड़ गैस कनेक्शन थे, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह हर संकट के समय फेक नैरेटिवगढ़कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करती है, लेकिन अब जनता उनके मंसूबों को समझ चुकी है।

## जोधपुर में आईएसआई एजेंट जीशान को जोधपुर पुलिस और आंध्र प्रदेश पुलिस ने मिलकर पकड़ा, हो सकता है जोधपुर में बड़ा नेटवर्क

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** आंध्र प्रदेश पुलिस और जोधपुर पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में जोधपुर के सदर बाजार में रहने वाले पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने वाले जीशान को दबोच दिया है जीशान को अरेस्ट करके कोर्ट में ट्रांसिट डिमांड के लिए आंध्र प्रदेश पुलिस ने लिया है आंध्र प्रदेश पुलिस अब जीशान को आंध्र प्रदेश लेकर जा रही है जहां पर एक बार फिर से कोर्ट में प्रस्तुत करके पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा फिलहाल जोधपुर के सदर बाजार में रहने वाले जीशान की इस गिरफ्तारी को लेकर जोधपुर शहर पुलिस भी काफी गंभीर और सजक दिख रही है जीशान के संपर्क सूत्रों का पता लगाया जा रहा है जीशान के पारिवारिक पृष्ठभूमि रिश्तेदार और दोस्तों के बारे में भी जानकारी हासिल की जा रही है इसके अलावा जीशान के बैंक अकाउंट और उनके परिजनों के बैंक अकाउंट भी चेक किया जा रहे हैं जीशान की गिरफ्तारी से जोधपुर पुलिस के अधिकारी अब यह पता लग रहे हैं कि जीशान किन-किन लोगों से मिलता था क्या काम करता था ?उसका दैनिक रूटीन क्या रहता था ?जीशान जोधपुर से बाहर कब-कब गया? और किसके यहां कितने दिनों तक ठहरा इन तमाम सवालों के जवाब जोधपुर पुलिस भी ढूंढने का प्रयास कर रही है हालांकि आंध्र प्रदेश पुलिस भी इन सभी सवालों के जवाब ढूंढ रही है जीशान ने प्रारंभिक पूछताछ में पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क होने की बात कबूल की है इसलिए यह माना जा रहा है कि जोधपुर में पाकिस्तान खुफिया एजेंसी ने कहीं ना कहीं अपना एक बड़ा नेटवर्क स्थापित कर लिया है अब जोधपुर पुलिस इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने का प्रयास कर रही है लेकिन बड़ी बात यही है कि जिस तरह से जीशान लंबे समय से पाकिस्तान खुफिया एजेंसी के लिए काम कर रहा था और इसकी भनक राजस्थान की खुफिया एजेंसी से जुड़े लोगों को नहीं मिल पाई यह भी एक चिंता का विषय है घ्जानकारी के अनुसार जोधपुर पुलिस जीशान के मोबाइल फोन की भी जांच पड़ताल कर रही है हालांकि जीशान के मोबाइल फोन को आंध्र प्रदेश पुलिस ने भी कब्जे में किया है लेकिन यह एक राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है इसलिए इस पूरे मामले को आंध्र प्रदेश और राजस्थान पुलिस तथा केंद्रीय एजेंसियां अब मिलकर जांच पड़ताल करेगी जोधपुर पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में यही पता चला है कि जीशान कट्टरपंथी लोगों से जुड़ा हुआ था और कहीं ना कहीं वह अपने समुदाय के लोगों में कट्टरपंथी की भावना को मजबूत करने में जुटा हुआ था ।

## सम्पादकीय

# जब सप्लाई रुकती है, तब शुरू होता है असली संकट



किसी भी युद्ध में भले ही दो देश या पक्ष शामिल होते हैं, लेकिन संभव है कि उसके नतीजों का दायरा इतना बड़ा हो कि अन्य कई देशों के लोगों के सामने मुसीबतें खड़ी हो जाएं। मसलन, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि समूची दुनिया में कई स्तर पर मुश्किलें बढ़ती देखी जा सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि ऊर्जा या तेल और गैस के लिए बहुत सारे देश अपनी जरूरतों के ज्यादातर हिस्से के लिए मध्यपूर्व पर निर्भर हैं। मगर इस युद्ध की शुरुआत के बाद अब धीरे-धीरे स्थितियां बिगड़नी शुरू हो चुकी हैं। हालांकि भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। दोतरफा व्यापक हमलों और उसमें जानमाल के भारी नुकसान के बीच ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से दुनिया के कई देशों में तेल और गैस की आपूर्ति भी सीमित या बहुत कम हो गई है। यह ऐसी मुश्किल है, जिससे सभी लोग प्रभावित होंगे। समस्या यह है कि अगर संघर्ष लंबा खिंचा, तो आम लोगों के सामने बहुस्तरीय संकट खड़े होंगे और सरकार के सामने चुनौतियां गहराएंगी। आने वाले दिनों में युद्ध के स्वरूप के बिगड़ने और इसका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका के मद्देनजर ही प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सामने 'अप्रत्याशित चुनौतियां' हैं। जाहिर है, अब जो हालात हैं, उसमें इनका सामना करना ही विकल्प है। ऐसे में सरकार को जहां रोजमर्रा की अनिवार्य जरूरतों की आपूर्ति को संतोषजनक स्तर पर बनाए रखने के लिए हर उपाय करना होगा, वहीं विपरीत स्थितियों में भी भरोसे को बनाए रखना होगा। शायद इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कोविड महामारी के दौरान भी आपूर्ति श्रृंखला का संकट पैदा हुआ था और देश ने एकजुटता से उसका मुकाबला किया। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप पड़ने की वजह से भारत में भी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में व्यापक पैमाने पर बाधा पहुंची है और देश को कच्चे तेल एवं गैस की खरीद के लिए रूस तथा अन्य देशों के विकल्प की ओर देखना पड़ा है। इतना तय है कि विनाशक हथियारों के हमले से होने वाले नुकसान के समांतर ही दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में जिस स्तर पर ऊर्जा से लेकर खाद्यान्न संकट तक की स्थितियां खड़ी हो रही हैं, उसके असर दीर्घकालिक होंगे। युद्ध की शुरुआत के जो भी कारण बताए जाते हों, मगर उसका समाधान आखिरी तौर पर कूटनीतिक पहलकदमी, संवाद और समझौते के जरिए ही संभव होता है।



## कहानी

### सत्यकाम जाबाल

प्राचीनकाल में उत्तरी हिन्दुस्थान में जाबाला नाम की एक निर्धन दासी रहती थी । उसका सत्यकाम नाम का एक पुत्र था । जाबाला दिनभर कडा परिश्रम कर अपना तथा अपने प्रिय पुत्र का पेट भरती थी । जबाला गरीब होते हुए भी बहुत प्रामाणिक थी । उसने अपने पुत्र को भी सदा सत्य बोलना सिखाया था । उसने उसका नाम भी सत्यकाम (सत्य में रूचि रखनेवाला) रखा था । सत्यकाम के अतिरिक्त जबाला का कोई नहीं था । सत्यकाम को देखकर वह सबकुछ एक क्षण के लिए भूल जाती थी । उस समय पुत्र को शिक्षा प्राप्त कराने हेतु उसे दूर वन में किसी ऋषि के पास भेजती थी । बालक को आठ वर्ष की अवस्था से बीस वर्ष की अवस्थातक गुरु के पास रहना पडता था । वहांपर वह प्रत्येक कार्य में प्रवीण बनता था । सत्यकाम आठ वर्ष का होते ही अपनी मां से बोला, क्मां, अब मैं शिक्षा ग्रहण करने वन जा रहा हूं ।' सत्यकाम में शिक्षा प्राप्त करने की बहुत उमंग थी । जबाला सोच में पड गई । छोटा-सा सत्यकाम इतना दूर कैसे रह पाएगा ! उसकी आंखों के समक्ष घना वन दिखाई देने लगा तथा सत्यकाम के बिना सूना-सूना लगनेवाला उसका घर भी दिखाई देने लगा । एक अन्य कल्पना मन में आते ही उसके नेत्रों में अश्रु आ गए । वह एक दासी थी । वह ऊंची जाति अथवा कुल की नहीं थी । उस काल में उच्च कुल के बालक ही गुरु के पास शिक्षा ग्रहण करने जाते थे । उसे तो सत्यकाम के पिता का नाम भी ज्ञात नहीं था । ऐसे बालक को कौन गुरु अपने निकट रखेंगे ! सत्यकामने पूछा, मां, मैं गुरुजी के पास जा रहा हूं, तो वे मेरे गोत्र के विषय में पूछेंगे न ? तब, मैं उन्हें क्या बताऊंगा ?' जबला रोते हुए कहती है, बेटा सत्यकाम, मैं युवा थी तब अनेक घरों में दासी के रूप में काम करती थी । उसी समय तुम्हारा जन्म हुआ । तुम दासीपुत्र हो । तुम्हारे पिता का नाम भी मुझे ज्ञात नहीं है । मेरा नाम जबाला है, इसलिए तुम अपने गुरु से अपना नाम, सत्यकाम जाबाल, इतना ही बताना ।' सत्यकाम गुरु की खोज में वह वन-वन घूमता हुआ गौतम ऋषि के आश्रम में पहुंचा । उस समय गौतम ऋषि के पास अनेक राजपुत्र एवं ब्राह्मणकुमार शिक्षा लेने आए थे । सत्यकाम ने घबराते-सकुचाते आश्रम में प्रवेश किया । उस समय स्नान कर भस्म लगाए हुए एवं पीठपर लम्बे, खुले केश छोडकर बैठे अनेक तेजस्वी कुमार वेदपाठ कर रहे थे । गौतम ऋषि ध्यानमग्न बैठे थे । सत्यकाम डरते-डरते आगे बढा एक दरिद्र लडका आश्रम में घुसकर सीधे गुरुजी के निकट जा रहा है, यह देखकर शिष्यों में कुलबुलाहट होने लगी । अरे, वह देखो एक शुद्र लडका आश्रम में पढने आया है !' ऐसे उपहासभरे शब्द भी सत्यकाम के कानों में पडे । इतने में गौतम ऋषि ने अपने नेत्र खोलकर सब ओर शान्ति ने दृष्टि घुमाई । एक क्षण में पूरे आश्रम में शान्ति छा गई । गौतम ऋषि कोमल स्वर में बोले, बालक, तुम्हें क्या चाहिए ?' सत्यकाम नीचे देखते हुए धीमें स्वर में बोला, भगवन्, मुझे आपसे शिक्षा लेना है ।' गौतम ऋषि सराहते हुए बोले, 'बालक, तुम्हारी सोच अच्छी है, परन्तु तुम्हारा गोत्र क्या है ?' सत्यकाम शीश झुकाकर बोला, भगवन्, मेरा नाम सत्यकाम और माता का नाम जबाला है । इसलिए, मैं सत्यकाम जाबाल हूं । इससे अधिक मुझे कुछ ज्ञात नहीं है ।'

# मजहबी खेमों की भी मोर्चेबंदी

*दोनों खेमों के बीच यह विभाजन केवल मजहबी नहीं, बल्कि भूराजनीतिक भी है। पश्चिम एशिया में संघर्ष की परतें मजहबी मान्यताओं से अधिक राजनीतिक हितों और शक्ति-संतुलन से जुड़ी हैं। सुन्नी देश ईरान को एक विस्तारवादी वैचारिक खतरे के रूप में देखते हैं, क्योंकि वह अपने प्रभाव के विस्तार के लिए प्रयासरत है और विभिन्न संगठनों के जरिये अपनी पकड़ मजबूत करता है। वहीं, ईरान सुन्नी देशों को पश्चिमी शक्तियों के ऐसे प्रतिनिधि के रूप में देखता है, जो उसके प्रभाव को सीमित करने का काम करते हैं। यही इस संघर्ष का केंद्रीय विरोधाभास है, जहां एक शिया खेमा सुन्नी असंतोष से ताकत हासिल करता है, वहीं सुन्नी शासन तंत्र उसी पश्चिम-समर्थित व्यवस्था के साथ खड़ा है, जिसका अक्सर उसके अपने लोग ही विरोध करते हैं। ईरान के विरुद्ध अमेरिका-इजरायल की कोई जमीनी या व्यापक सैन्य कार्रवाई 2003 के इराक युद्ध की तुलना में कई गुना जटिल होगी। उन्हें भौगोलिक, सैन्य और वैचारिक तीनों ही स्तरों पर कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। ईरान, इराक जैसा नही हैं। यह आकार में कहीं बड़ा, सामाजिक रूप से अधिक सुसंगठित और मूलतः एकजुट राष्ट्र है। यहां स्थानीय मिलीशिया भी मजबूत हैं, जो एक साथ कई मोर्चे खोलने की क्षमता रखते हैं। ईरान की पूर्वी सीमा पाकिस्तान और अफगानिस्तान से सटी हुई है। सुन्नी विद्रोहियों का गढ़ होने के नाते यह चरमपंथी गतिविधियों का केंद्र रहा है।*







पश्चिम एशिया में छिड़ा युद्ध केवल ईरान बनाम इजरायल या तेहरान बनाम वाशिंगटन संघर्ष के रूप में ही सिमटकर नहीं रह गया है। यह टकराव अब और खतरनाक स्वरूप लेकर बहुस्तरीय बनता जा रहा है। इसमें भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के साथ ही वर्गीय पहचान, वैचारिक वैधता और रणनीतिक अवसरवाद जैसे पहलू भी जुड़ते जा रहे हैं। संघर्ष का दायरा भी गाजा की सड़कों से लेकर पाकिस्तान के जनजातीय इलाकों तक फैल गया है। इसमें शिया-सुन्नी टकराव की लकीरें भी चौड़ी हो रही हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने अपने वैचारिक प्रभाव को अपनी सीमाओं से परे बढ़ाने के भरसक प्रयास किए।

चूंकि इस इलाके की आबादी मुख्य रूप से सुन्नी बहुतायत वाली है, इसलिए शिया बहुल ईरान को वैचारिक मोर्चे पर वैधता के लिए संघर्ष ही करना पड़ा। अपने वैचारिक प्रभाव की राह में आ रहे अवरोधों की काट के लिए उसने स्वयं को फलस्तीन संघर्ष जैसी उन मांगों के साथ जोड़ लिया, जिसमें वैचारिक दरारों के लिए कोई जगह ही नहीं बचे। इसके लिए उसने कुछ संगठनों को पोषित करने से भी परहेज नहीं किया। इससे जहां ईरान के नेतृत्व में शिया संगठनों का नेटवर्क उभरा तो दूसरी ओर सुन्नी प्रभाव वाले सऊदी अरब एवं संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी के राजशाही वाले देश थे। अमेरिकी सुरक्षा ढांचे पर निर्भर इन देशों की समय के साथ इजरायल के साथ नजदीकियां भी बढ़ती गईं। दोनों खेमों के बीच यह विभाजन केवल मजहबी नहीं, बल्कि भूराजनीतिक भी है। पश्चिम एशिया में संघर्ष की परतें मजहबी मान्यताओं से अधिक राजनीतिक हितों और शक्ति-संतुलन से जुड़ी हैं। सुन्नी देश ईरान को एक विस्तारवादी वैचारिक खतरे के रूप में देखते हैं, क्योंकि वह अपने प्रभाव के विस्तार के लिए प्रयासरत है और विभिन्न संगठनों के जरिये अपनी पकड़ मजबूत करता है। वहीं, ईरान सुन्नी देशों को पश्चिमी शक्तियों के ऐसे प्रतिनिधि के रूप में देखता है, जो उसके प्रभाव को सीमित करने का काम करते हैं। यही इस संघर्ष का केंद्रीय विरोधाभास है, जहां एक शिया खेमा सुन्नी असंतोष से ताकत हासिल करता है, वहीं सुन्नी शासन तंत्र उसी पश्चिम-समर्थित व्यवस्था के साथ खड़ा है, जिसका अक्सर उसके अपने लोग ही विरोध करते हैं। ईरान के विरुद्ध अमेरिका-इजरायल की कोई जमीनी या व्यापक सैन्य कार्रवाई 2003 के इराक युद्ध की तुलना में कई गुना जटिल होगी। उन्हें भौगोलिक, सैन्य और वैचारिक तीनों ही स्तरों पर कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। ईरान, इराक जैसा नही हैं। यह आकार में कहीं बड़ा, सामाजिक रूप से अधिक सुसंगठित और मूलतः एकजुट राष्ट्र है। यहां स्थानीय मिलीशिया भी मजबूत हैं, जो एक साथ कई मोर्चे खोलने की क्षमता रखते हैं। ईरान की पूर्वी सीमा पाकिस्तान और अफगानिस्तान से सटी हुई है। सुन्नी विद्रोहियों का गढ़ होने के नाते यह चरमपंथी गतिविधियों का केंद्र रहा है। आइएसआइएस-खुरासान और जैश अल-अदल जैसे संगठन इसी क्षेत्र में सक्रिय हैं।

ये कट्टर शिया विरोध की जमीन पर ही पनपे हैं और ईरान का प्रतिरोध करते हैं। ये समूह एक वैकल्पिक दबाव तंत्र बना सकते हैं। यानी ईरान के पश्चिमी मोर्चों पर मजबूत किलेबंदी से टकराने के बजाय उसकी पूर्वी सीमा पर अस्थिरता पैदा की जा सकती है। इससे ईरान के सुरक्षा ढांचे पर दबाव बढ़ेगा। उसे पूर्वी सीमा पर अपने सैन्य संसाधन झोंकने पड़ेंगे, जिससे दूसरे मोर्चों पर उसकी कमजोरियां बढ़ेंगी। अमेरिका सोवियत-अफगान युद्ध के दौरान ऐसे पैंतरे आजमा कर सैन्य हस्तक्षेप के बिना ही रणनीतिक लाभ हासिल कर चुका है। हालांकि आज हालात उतने अनुकूल नहीं। उस दौर के उलट आज अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय आतंकियों में एका का अभाव है। उन पर नियंत्रण भी मुश्किल है। एक बार सक्रिय करने के बाद उन्हें निष्क्रिय करना भी मुश्किल है। कई बार तो ये भस्मासुर साबित होते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष ने पहले से जटिल इस स्थिति को और भी उलझा दिया है। पाकिस्तान के लिए वर्तमान स्थिति अपनी भूराजनीतिक प्रासंगिकता को वापस पाने की भी है। अतीत पर दृष्टि डालें तो पाकिस्तान ऐसे मौकों को भुनाने में पारंगत रहा है। सोवियत-अफगान युद्ध में अपने सहयोग के बदले उसने वाशिंगटन से तमाम सामरिक एवं आर्थिक लाभ हासिल किए। पाकिस्तान को ईरान संकट में भी ऐसा ही मौका नजर आ रहा है, पर इस बार शायद उसके भाग्य से छींका न टूटे। इसका कारण यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन अब पाकिस्तानी रहमोकरम पर नहीं। वह अपनी स्वायत्तता पर अड़ा है। पाकिस्तानी दबाव का प्रतिरोध करने के साथ ही वह अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर रहा है।

इससे तनाव निरंतर बढ़ रहा है। यह भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि अफगानिस्तान में तमाम तरह के आतंकी समूह सक्रिय हैं। इनकी निष्ठाएं समय के साथ बदलती रहती हैं और इनका एजेंडा भी अक्सर व्यापक क्षेत्रीय संघर्षों के साथ जुड़ जाता है। यदि ये समूह बाहरी शक्तियों के पिट्ठुओं या अपने स्वयं के मजहबी एजेंडे के तहत ईरान संघर्ष में उतरते हैं तो फिर पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ती जाएंगी। ऐसी स्थिति में आकार लेने वाला परिदृश्य ऐसी रणभूमि के रूप में रूपांतरित हो जाएगा, जहां हर एक मोर्चा दूसरे से जुड़ा हुआ होगा। इसमें वही भौगोलिक एवं मजहबी दरारें उभरेंगी, जहां ईरानी प्रभाव, सुन्नी असंतोष, अमेरिकी रणनीतिक हित और ऐतिहासिक कड़ियां एक दूसरे से टकराती हैं।

# युद्ध की तपिश से बचने की चुनौती

*रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक कच्चे तेल के वैश्विक दाम बढ़ने और आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत के ऊर्जा आयात बिल में जबरदस्त उछाल की आशंका है। साथ ही निर्यात में कमी और महंगाई में तेजी संबंधी चुनौतियों के कारण भी भारतीय अर्थव्यवस्था की संतुलित स्थिति के सामने खतरा दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच विस्तारित होते हुए युद्ध से देश के कई हिस्सों में रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति में बाधा से परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। निर्यातकों की भी मुश्किलें बढ़ी हैं। सेंसेक्स में गिरावट और डालर की तुलना में रुपये के मूल्य में कमी का परिदृश्य भी सामने है। निवेशक भारतीय बाजार से अपना धन निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ने लगा है। निवेशकों की संपत्ति में गिरावट आई है और भारतीय कंपनियों का बाजार*

पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में आम लोगों की महत्वपूर्ण जरूरतों मसलन पेट्रोल-डीजल, गैस, बिजली, उर्वरक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के संभावित उपायों पर विचार किया गया। चूंकि पश्चिम एशिया में युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, ऐसे में सरकार की ओर से देश भर में निर्बाध आपूर्ति, स्थिर लाजिस्टिक्स और कुशल वितरण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना स्वाभाविक है। मोदी सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों से उपयुक्त समन्वय करना होगा। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए प्रयासों के साथ नए निर्यात गंतव्य विकसित करने होंगे। पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते युद्ध से दुनिया के साथ-साथ भारत की आर्थिक चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। हाल में गोल्डमैन सैक्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत किया गया है। आइसीआइसीआइ बैंक ने भारत के विकास दर अनुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक कच्चे तेल के वैश्विक दाम बढ़ने और आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत के ऊर्जा आयात बिल में जबरदस्त उछाल की आशंका है। साथ ही निर्यात में कमी और महंगाई में तेजी संबंधी चुनौतियों के कारण भी भारतीय अर्थव्यवस्था की संतुलित स्थिति के सामने खतरा दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच विस्तारित होते हुए युद्ध से देश के कई हिस्सों में रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति में बाधा से परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। निर्यातकों की भी मुश्किलें बढ़ी हैं। सेंसेक्स में गिरावट और डालर की तुलना में रुपये के मूल्य में कमी का परिदृश्य भी सामने है। निवेशक भारतीय बाजार से अपना धन



निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ने लगा है। निवेशकों की संपत्ति में गिरावट आई है और भारतीय कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) तेजी से घटा है। इससे पहले ऐसी गिरावट कोविड के दौरान मार्च 2020 में देखी गई थी, पर युद्ध के ऐसे असर के बीच भी भारत की कुछ ऐसी प्रभावी आर्थिक अनुकूलताएं हैं, जो देश की विकास दर को भारी आघात से बचाने वाली हैं। सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है और महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर उसके प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टाक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। वह निर्यातकों को राहत देने के लिए रेजिलिएंस एंड लाजिस्टिक इंटरवेंशन फार एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना लेकर आई है। इसका उद्देश्य ऐसे निर्यातकों को मदद देना है, जो माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम में बढ़ोतरी तथा युद्ध से जुड़े निर्यात जोखिमों का सामना कर रहे हैं। इस योजना के तहत एमएसएमई निर्यातक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। सरकार खाड़ी देशों में जाने वाले सामान का बीमा खर्च भी उठाएगी। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत के बाद ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल और गैस टैंकरों को 'होर्मुज स्ट्रेट' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। दुनिया में तेजी से बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बावजूद देश में सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य से भी कम है। देश के पास विशाल खाद्यान्न भंडार, पेट्रोल-डीजल आपूर्ति के लिए रणनीतिक भंडार, जरूरत की दवाइयों का पर्याप्त स्टाक भारत की आर्थिक अनुकूलताओं के रूप में दिखाई दे रही हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय वास्तव में मील का पत्थर और सराहनीय है कि यदि अनुसूचित जाति का कोई हिंदू, सिख या बौद्ध अन्य किसी पंथ को स्वीकार कर लेता है तो वह एससी का दर्जा खो देता है और साथ ही एससी-एसटी एक्ट के उपयोग का अधिकारी भी नहीं रह जाता। यह निर्णय आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस फैसले पर मुहर है, जिसमें उसने अनुसूचित जाति के हिंदू से ईसाई बने एक व्यक्ति को एससी-एसटी एक्ट का इस्तेमाल करने से इस आधार पर खारिज कर दिया था कि पंथ परिवर्तन के साथ ही वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो चुका है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि यह मतांतरित व्यक्ति पादरी के रूप में सक्रिय था, फिर भी एससी-एसटी एक्ट का इस्तेमाल



करना चाह रहा था। देश में एससी समाज के न जाने कितने हिंदू, सिख या बौद्ध हैं, जिन्होंने समय के साथ विभिन्न कारणों से ईसाइयत या इस्लाम को अपनाया। इन कारणों में एक बड़ा कारण लोभ-लालच और छल-छद्म है। यह किसी से छिपा नहीं कि ईसाई मिशनरियां और मुस्लिम दावा समूह गुपचुप रूप से हिंदू, सिख और बौद्ध समाज के निर्धन वंचित लोगों का छल-छद्म से मतांतरण कराते रहते हैं। उनके चंगुल में आम तौर एससी और एसटी समाज के लोग फंसते हैं। ऐसे सुनियोजित मतांतरण को रोकने के लिए कई राज्यों ने कानून भी बनाए हैं, लेकिन वे प्रभावी नहीं सिद्ध हो पा रहे हैं। इन्हें प्रभावी होना चाहिए, क्योंकि लालच और छल-कपट के सहारे कराया जाने वाला मतांतरण एक तरह का राष्ट्रांतरण है। एक ओर तो ईसाई और मुस्लिम समाज के पंथिक नेता डंके की चोट पर यह कहते हैं कि उनके यहां जाति जैसी कोई मान्यता नहीं और दूसरी ओर यह देखने में आ रहा है कि दलित ईसाई और दलित मुस्लिम जैसी अवधारणाएं अस्तित्व में आ गई हैं। कहीं-कहीं तो दलित ईसाइयों के संगठन भी बन गए हैं, जो इसकी पैरवी करते रहते हैं कि मतांतरित होने के बाद भी उन्हें एससी का दर्जा और उसके तहत मिलने वाली सुविधाएं और विशेष रूप से आरक्षण के लाभ प्राप्त हों। देखना है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद इस तरह की पैरवी बंद होती है या नहीं? जो भी हो, यह ठीक नहीं कि मतांतरण के जरिये सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने एवं संवैधानिक प्रविधानों और खासकर आरक्षण का बेजा लाभ उठाने की कोशिश की जाए। यह तो कतई अस्वीकार्य है कि अनुसूचित समाज का कोई हिंदू, सिख या बौद्ध मतांतरित होकर अल्पसंख्यकों को मिलने वाले लाभ भी अर्जित करे और एससी-एसटी के तहत प्राप्त होने वाली सुविधाएं भी ले।

## मानपुरा माचेड़ी के राजकीय विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**मानपुरा माचेड़ी।** आमेर उपखंड के मानपुरा माचेडी के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 5वीं, 8वीं व 10वीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणाम आने पर सोमवार को सम्मान समारोह प्रधानाचार्य अर्जुन चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासन पिंकी सुरेंद्र मौर्य ग्रामवासियों, अभिभावकों व विद्यालय स्टाफ की मौजूदगी में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कई छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। वहीं चार विद्यार्थियों का चयन छात्रवृत्ति के लिए भी हुआ है। परीक्षा में सर्वाधिक परिणाम देते हुए भावना जाबडोलिया पुत्री कैलाश ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक विद्यार्थी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अर्जुन चौधरी ने बताया कि विद्यालय की चार छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम मिलने पर उन्हें गार्गी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व ग्राम प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में मौजूद अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर खुशी जताई और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य लक्ष्मीनारायण कराड़िया, शिवराज सिंह, सीताराम बेनीवाल, हनुमान रातावाल, सुरेश नेगी, बजरंग शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मुख्य बाजार में बिना सुरक्षा इंतजाम के चल रहा ध्वस्तीकरण कार्य



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा (निस)।** मुख्य बाजार स्थित श्याम भवन को जमींदोज (ध्वस्तीकरण) करने का कार्य इन दिनों जारी है, लेकिन कार्य स्थल पर किसी प्रकार के सुरक्षा इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। ध्वस्तीकरण के दौरान बाजार से लगातार वाहन चालकों व राहगीरों की आवाजाही बनी हुई है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के इस प्रकार का कार्य किया जाना गंभीर लापरवाही है। धूल-मलबा सड़क पर गिरने का खतरा बना हुआ है, वहीं पास से गुजर रहे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ध्वस्तीकरण स्थल पर तुरंत बैरिकेडिंग कर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा जिम्मेदार विभाग की ओर से मौके पर निगरानी रखी जाए, ताकि किसी संभावित हादसे से बचा जा सके। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस गंभीर लापरवाही को कब संज्ञान में लेते हैं और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करते हैं, या फिर किसी हादसे के बाद ही व्यवस्था जागेगी।

## जनकल्याण योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें: राजावत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत मंडल सैंपऊ में महादेव मंदिर परिसर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष रामविलास बघेल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत उपस्थित रहे। राजावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार भी जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रही है और कार्यकर्ताओं को विरोधियों की अफवाहों से दूर रहकर जनता के बीच सक्रिय रहना चाहिए। कार्यक्रम को दीप सिंह कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक दीप सिंह कुशवाहा, सह प्रभारी दिनेश कुशवाहा, युवा नेता राहुल राणा, पूर्व जिला मंत्री जितेंद्र तिवारी, मंडल संयोजक के.जी. तिवारी, बलवीर सिंह परमार, होतम सिंह कुशवाहा, मनरूप सिंह जाटव, रामवीर सिंह परमार, डॉ. बैजनाथ, रामहेत कुशवाहा, धीरज दीक्षित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोढ़सर में महिला की संदिग्ध मौत: गले पर निशान, पिता ने जताई हत्या की आशंका

**सुजानगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव लोढ़सर में एक 33 वर्षीय विवाहिता का शव घर में संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। मृतका चंदा (33) पत्नी हंसराज मेघवाल अपने खेत स्थित मकान में बच्चों के साथ रहती थी, जबकि उसका पति कुवैत में कार्यरत है। बुधवार अलसुबह मृतका के बेटे की नींद खुली तो उसने अपनी मां को पलंग पर बेसुध हालत में देखा। बच्चे के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर सुजानगढ़ सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया, एसआई गीता रानी सहित पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण किया।

# जिला कारागृह का औचक निरीक्षण: बंदियों से संवाद, भोजन-स्वच्छता पर निर्देश

## विधिक सहायता व्यवस्था की समीक्षा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने बुधवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के दिशा-निर्देशों के तहत जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने जेल की बैरकों, रसोईघर एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। बंदियों से जातिगत भेदभाव को लेकर पूछताछ की गई, जिस पर सभी ने किसी प्रकार के भेदभाव से इंकार किया।

टीम ने रसोईघर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता जांची और पाया कि विभिन्न समुदायों के बंदी मिलजुलकर भोजन तैयार कर रहे हैं। हालांकि सब्जी में मिर्च अधिक होने पर जेल अधीक्षक को इसे नियंत्रित करने तथा पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शौचालयों की साफ-सफाई को लेकर भी जानकारी ली गई, जिसमें बंदियों ने बताया कि सभी बारी-बारी से सफाई करते हैं और इसमें कोई भेदभाव नहीं होता। इस पर टीम ने स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जेल में स्थापित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर विधिक सहायता से संबंधित एसओपी की पालना सुनिश्चित करने को कहा। विचाराधीन बंदियों के मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि पात्र बंदियों को शीघ्र निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण हो।झ निरीक्षण के दौरान एक बीमार बंदी के उपचार के लिए चिकित्सक को आवश्यक निर्देश दिए गए, वहीं एक बंदी द्वारा वकील संबंधी समस्या बताने पर संबंधित अधिवक्ताओं को समाधान के निर्देश दिए गए। टीम ने निर्माणाधीन रसोईघर का भी निरीक्षण किया, जहां आरओ प्लांट स्थापित पाया गया। जेल प्रशासन ने बताया कि निर्माण पूर्ण होने के बाद रसोईघर को वहां स्थानांतरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो, जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा, प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारीगण तनुराग, हर्षल, अभिषेक, अनमोल, सीएमएचओ धर्मसिंह मीणा, जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह, सहायक अभियंता चंद्रशेखर, सहायक निदेशक सरदारमल यादव, जिला उद्योग अधिकारी मितुल गोयल, प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, जिला रोजगार अधिकारी विकास, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट काउंसिल मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, दीपक सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## *शराब दुकान व अवैध बूचड़खाने के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन*



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** गोविंदगढ़ कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग-52 स्थित गिरिराज नगर आवासीय कॉलोनी में संचालित शराब की दुकान और अवैध बूचड़खाने के विरोध में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष एकत्रित होकर दोनों स्थानों के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर जयपुर को ज्ञापन भेजकर इन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कॉलोनी के बीच संचालित इन गतिविधियों से क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है। शराबियों का जमावड़ा दिन-रात लगा रहता है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। धरना-प्रदर्शन में मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात शराबी कॉलोनी में घूमते रहते हैं और कई बार घरों के दरवाजे खटखटाकर शराब की दुकान के बारे में पूछते हैं, जिससे भय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दुकान और बूचड़खाने के पास से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। पास में शिक्षण संस्थान होने के कारण इसका विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। समाजसेवी हरफूल सिंह निठारवाल व जेपी शर्मा कहना है कि इस मामले में पहले भी आबकारी विभाग और पुलिस को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। साथ ही पास में मंदिर स्थित है  सूचना पर गोविंदगढ़ प्रशासक महेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर समझाइश की। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामला उच्च अधिकारियों के सामने रखकर जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा। आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

धरना- प्रदर्शन में कई समाजसेवी व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## महंगाई व गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के आह्वान पर व जयपुर ग्रामीण (पश्चिम) के जिलाध्यक्ष विद्याधर सिंह चौधरी के निर्देशानुसार विधायक डॉ. शिखा मील बराला के मार्गदर्शन में गोविन्दगढ़ स्थित पंचायत समिति के सामने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के समस्त ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बढ़ती महंगाई एवं गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई अत्यधिक वृद्धि के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में कार्यकर्ताओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए आमजन को राहत प्रदान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर नियंत्रण व रसोई गैस एवं कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कमी करने की मांग की गई।

इस दौरान पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, नगर अध्यक्ष सायरमल सैनी, जिला अध्यक्ष छीतरमल जलुथरिया, पूर्व प्रधान भगवान सहाय धासिल, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, सेवादल के प्रदेश सचिव मास्टर श्याम शर्मा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एससी विभाग) के प्रदेश सचिव अशोक कुमार रच्छौया, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवंदा, पीसीसी सदस्य जगदीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमावत, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र नागर, मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर कुमावत, मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र मीणा, पार्षद धीरेंद्र सैनी, सरपंच बाबूलाल गढ़वाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कांत जोशी, पूरणमल मीणा, डॉ. जगदीश प्रसाद अटल, मिलापचंद नारनौलिया, बाबूलाल चौपड़ा, सीताराम कुमावत, नंद किशोर यादव, मालीराम शर्मा, बूथ अध्यक्ष शंकर लाल जाट, बूथ अध्यक्ष मदन लाल स्वामी, मुकेश कुमार माथुर, एडवोकेट लालचंद गोरा, पार्षद शैलेन्द्र चौधरी, महेंद्र मीणा, महावीर बीजारणीय, नंदकिशोर यादव, सायरमल बुनकर, रविन्द्र निठारवाल, कमल जैन, राकेश यादव, शंकर लाल डागर, यूथ कांग्रेस सचिव मनीष बागौरिया सहित पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनंतपुरा से जैतपुरा सड़क नवीनीकरण कार्य की मिली स्वीकृति

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** चौमूँ विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी मानी जाने वाली अनंतपुरा से जैतपुरा सड़क के नवीनीकरण कार्य को राज्य सरकार की ओर से वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। ?सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से जारी स्वीकृति के अनुसार जैतपुरा से अनंतपुरा (नवीनीकरण कार्य) ?कुल दूरी: 2.00 किलोमीटर के लिए 55 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। ?पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि यह मार्ग अनंतपुरा और जैतपुरा ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पिछले लंबे समय से सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों और विशेषकर किसान भाइयों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों की ओर से इस सड़क के सुदृढ़ीकरण की मांग लगातार की जा रही थी, जिसे सरकार ने प्राथमिकता देते हुए बजट आवंटित किया है। रामलाल शर्मा ने कहा, 'डबल इंजन की सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। 55 लाख की लागत से बनने वाली यह 2 किमी लंबी सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि स्थानीय किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में भी सुविधा प्रदान करेगी। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा, जिससे राहगीरों को आवागमन में सुगमता होगी।

## एमजीजीएस सिंगोद खुर्द में सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** ग्राम सिंगोद खुर्द स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बुधवार को सीसीटीवी कैमरों के लोकार्पण व भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से 14 सीसीटीवी कैमरे, 43 इंच स्मार्ट टीवी, डबल बैटरी इन्वर्टर और वाटर फिल्टर भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच सरदारमल जाखड़ ने 14 सीसीटीवी कैमरे व 43 'स्मार्ट टीवी भेंटकर लोकार्पण किया। वहीं डॉ. मदन बराला (प्रबंधक निदेशक, कृषि विभाग बीकानेर) की ओर से डबल बैटरी इन्वर्टर तथा भामाशाह रोहिताश जाखड़ द्वारा वाटर फिल्टर विद्यालय को भेंट किया गया। इस अवसर पर सभी भामाशाहों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। संस्था प्रधान चंद्रशेखर बांकोलिया ने बताया कि सत्र 2025-26 में इंस्पायर अवॉर्ड के लिए चयनित चार विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया, जिनकी तैयारी अध्यापिका सुनीता व मीनू यादव के निर्देशन में करवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपानिधि त्रिवेदी रहे। विशिष्ट अतिथियों में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, सिंगोद खुर्द, सज्जन सिंह, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सिंगोद कलां रमेशचंद बुटोलिया व एसएमसी अध्यक्ष लादूराम यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कालूराम बांकोलिया, रामदेव शास्त्री, बजरंग सिंह शेखावत, शंकर सिंह शेखावत, मदनलाल जाखड़, सुरेश कुमार मीणा, गोवर्धन चौपड़ा, सुरेन्द्र चौपड़ा, श्रवण असावा, लक्ष्मण सिहाग, मुरलीधर टेलर, कानाराम जाखड़, जीवनराम झिगोनिया, लहरी, बंशीधर झिगोनिया, मालीराम कुमावत, स्योराम, गुलाबजी, शांतिलाल वर्मा, भूरामल झिगोनिया, श्यामसुंदर सांवरमल जांगिड़ व मोहन यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पटाखा बाइक पर सख्त कार्रवाई: 30 अवैध साइलेंसर रोड रोलर से कुचलकर नष्ट

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में पटाखा बाइक साइलेंसर के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पिछले दिनों जब्त किए गए 30 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों को गुलाब बाग क्षेत्र में रोड रोलर चलवाकर कुचलकर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन तथा यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि शहर में कुछ लोग पटाखा बाइक के जरिए तेज आवाज कर आमजन में दहशत और परेशानी पैदा कर रहे थे। ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर साइलेंसर जब्त किए गए और अब उन्हें पूरी तरह नष्ट किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर लगाना कानून का उल्लंघन है और यह आमजन, मरीजों, बुजुर्गों व विद्यार्थियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनता है। इसलिए ऐसे मामलों में अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाकर पटाखा बाइक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में यदि कोई वाहन इस प्रकार के साइलेंसर के साथ पाया गया तो वाहन जब्त करने के साथ चालक पर भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## धौलपुर में गूंजा णमोकार महामंत्र, रथ यात्रा के साथ धर्म प्रभावना का आगाज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** आगामी 9 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में मनाए जाने वाले 'णमोकार महामंत्र दिवस' के उपलक्ष्य में आज धौलपुर जैन समाज की ओर से शहर के मुख्य मार्गों से एक भव्य णमोकार महामंत्र रथ यात्रा निकाली गई। भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक महामंत्र की महिमा पहुँचाना और विश्व शांति की भावना को जागृत करना रहा।

रथ यात्रा का शुभारंभ स्थानीय आगरा बस स्टेंड से विधि-विधान पूर्वक पूजन और मंगलाचरण के साथ हुआ। रथ पर विराजमान णमोकार महामंत्र की प्रतिमा और आकर्षक साज-सज्जा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

यात्रा के दौरान समाज जन  मंत्रोच्चार करते हुए चल रहे थे।  यह रथ यात्रा शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य बाजारों से होकर गुजरी, जहाँ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रथ का भव्य स्वागत किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन ने बताया कि णमोकार महामंत्र अनादि काल से कल्याणकारी रहा है। इसी महत्ता को रेखांकित करने के लिए 9 अप्रैल को विशेष 'णमोकार महामंत्र दिवस' मनाया जाएगा।  इस अवसर पर धौलपुर जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन, महामंत्री अमित जैन, यात्रा संयोजक सौरभ जैन,  नबाव रवि जैन,कृष्ण मोहन जैन, कमल किशोर जैन मैनेजर होरीलाल,डॉक्टर विनोद कुमार, निर्मल कुमार जैन जगदीश प्रसाद जैन, मनीष कुमार जैन, हजारीलाल, विजय कुमार, अनिल कुमार, हरेंद्र जैन, सुबोध जैन आदि  मौजूद रहे।



# डबल हीरो पीरियड ड्रामा फिल्म है धनुष की 'वेलपारी'

साउथ इंडस्ट्री में इन दिनों चर्चा है कि निर्देशक एस शंकर सा अपनी लंबे समय से अटकी ऐतिहासिक परियोजना 'वेलपारी' के लिए धनुष से संपर्क में हैं। हालांकि दोनों पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री सूत्रों का दावा है कि डेट्स और अवेलिबिलिटी को लेकर शुरुआती स्तर पर बातचीत संभव है।

### दो हीरो वाले नैरेटिव में मेकर्स रचेंगे बड़ा कैनवास

'वेलपारी' को शंकर का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है और इसे एक डुअल-हीरो पीरियड ड्रामा के रूप में डेवलप किया जा रहा है। इससे पहले रिपोर्ट्स में विक्रम और रणवीर सिंह के नाम प्रमुख पात्रों के लिए सामने आए थे, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी। अब चर्चा है कि शंकर ने धनुष की डेट्स के बारे में जानकारी ली है, जिससे अटकलें और तेज हो गई हैं। हाल ही में शंकर, धनुष की फिल्म 'डी55' के पूजा समारोह में शामिल हुए थे। 'DSS' को प्रोड्यूस कर रहे बैनर आर टेक स्टूडियोज, 'वेलपारी' को लेकर शंकर से बातचीत में हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।


### 'वीर युग नायकन वेलपारी' पर आधारित है कहानी

शंकर की यह फिल्म फेमस नॉवेल 'वीर युग नायकन वेलपारी' पर आधारित है, जिसे लेखक सु वेंकटेशन ने लिखा है। यह नॉवेल प्राचीन तमिल शासक वेलपारी के जीवन, शौर्य और अद्भुत दानवीरता का वर्णन करती है।

शंकर पहले भी सार्वजनिक मंचों पर नॉवेल के प्रति अपनी गहरी इच्छा जता चुके हैं और इसे 'गेम ऑफ थ्रोन्स' और 'अवतार' जैसे भव्य स्तर पर बनाने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। दूसरी ओर, धनुष हाल ही में 'तेरे इश्क में' में नजर आए थे और अब 'कारा' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्मों में 'डी55', 'डी56' और 'कलाम: द मिसाइल मैन और इंडिया' शामिल हैं। ऐसे में अगर 'वेलपारी' पर मुहर लगती है तो यह तमिल सिनेमा के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक हो सकती है।



# थ्रिलर जैसे जॉनर में काम करना आसान नहीं होता




गुड़ी पड़वा का त्योहार महाराष्ट्र में घूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार नए साल के स्वागत का प्रतीक है और नई उम्मीदें लेकर आता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इस दिन की खुशियों का हिस्सा बनता है। इस कड़ी में अभिनेत्री स्नेहलता वसईकर ने बातचीत में गुड़ी पड़वा के महत्व और अपने निजी अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि यह त्योहार उनके दिल के बहुत करीब है। बचपन में सुबह जल्दी उठकर गुड़ी लगाने की परंपरा, पारिवारिक मिलन और त्योहार की तैयारियां उनकी सबसे प्यारी यादें हैं।

स्नेहलता ने कहा, ''गुड़ी पड़वा मुझे नए साल की नई उम्मीदें देता है। इस साल मेरे लिए गुड़ी पड़वा और भी खास है, क्योंकि यह पेशेवर रूप से मेरे लिए एक नया चरण लेकर आया है। मैं जल्द ही थ्रिलर शो 'वशीकरणम' में मुख्य किरदार सुमन के रूप में नजर आने वाली हूं। यह किरदार मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों है।'' स्नेहलता ने कहा, ''गुड़ी पड़वा की तरह हर नई शुरुआत जीवन में सकारात्मक बदलाव और नए अवसर लेकर आती है। इस उत्सव का संदेश सिर्फ खुशियों का नहीं, बल्कि आशा और नए अनुभवों को अपनाने का भी है। यही सोच मैं अपने पेशेवर जीवन में भी लागू कर रही हूं। 'वशीकरणम' मेरे लिए सिर्फ एक नया शो नहीं है, बल्कि एक नए दौर की शुरुआत है, जिसे मैं उत्साह और समर्पण के साथ निभा रही हूं।'' स्नेहलता ने आगे कहा, ''थ्रिलर जैसे जॉनर में काम करना आसान नहीं होता। इस तरह के शो में अभिनय करते समय भावनाओं और एक्सप्रेशन पर मजबूत पकड़ होना बेहद जरूरी है। हर सीन को खास बनाने के लिए अभिनेता को पूरी तरह उस पल में डूबना पड़ता है। इस तरह के अनुभव से अभिनय में गहराई आती है और दर्शकों के लिए किरदार ज्यादा विश्वसनीय बनता है।'' स्नेहलता वसईकर मराठी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में लंबे समय से एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने कई क्षेत्रीय फिल्मों और शो में काम किया है और अपने अभिनय की वजह से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। उनके लिए 'वशीकरणम' शो टीवी में डेब्यू प्रोजेक्ट है।



# वेब सीरीज 'सपने VS एवरीवन' में नजर आएंगी खुशाली कुमार

फिल्म 'घुड़चढ़ी' में रवीना टंडन और संजय दत्त के साथ अभिनय कर चुकीं खुशाली कुमार अब फिल्मों के बाद जल्द ही ओटीटी पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। यह सीरीज का दूसरा भाग होगा, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा। फैशन और म्यूजिक वीडियो से शुरुआत करने वाली खुशाली अब फिल्मों और वेब सीरीज पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। खुशाली कुमार वेब सीरीज 'सपने VS एवरीवन' के सीजन 2 में नजर आएंगी। इस सीरीज में खुशाली 'तृप्ती' नाम की लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज को लेकर खुशाली काफी उत्साहित हैं। हाल ही में मुंबई में एक इवेंट में खुशाली ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सपने सच होने जैसा लग रहा है। पहली बार ओटीटी पर काम करना उनके लिए बहुत खास और भावुक अनुभव है।


खुशाली कुमार कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्हें आखिरी बार संजय दत्त और रवीना टंडन की फिल्म 'घुड़चढ़ी' में देखा गया था। इसके अलावा वह 'धोखा: राउंड डी कॉर्नर', 'स्टारफिश',, 'डेढ़ बीघा जमीन' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा, उन्होंने टी-सीरीज के कई लोकप्रिय संगीत वीडियो जैसे 'मैनु इश्क दा', 'हाईवे स्टार', और 'रात कमाल है' में भी काम किया है।

# 'धुरंधर 2' की आड़ में रामगोपाल वर्मा ने नामी एक्टर्स पर साधा निशाना



गुरुवार को फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों रिलीज हुई, इसने पहले दिन ही 100 करोड़ क्लब में एंट्री मार ली। ऐसा करने वाली यह पहली भारतीय फिल्म है। रणवीर सिंह के करियर की भी यह सबसे बड़ी हिट बन गई है। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को देखकर डायरेक्टर रामगोपाल वर्मा गदगद हैं। साथ ही वह बॉलीवुड के बाकी फिल्ममेकर्स और एक्टर को भी एक चेता रहे हैं। एक ट्वीट करते हुए पहले रामगोपाल वर्मा ने भारतीय सिनेमा के फिल्ममेकर्स को निशाने पर लिया। वह अपने ट्वीट में लिखते हैं, 'धुरंधर 2 उन सभी फिल्म निर्माताओं के लिए एक डरावनी फिल्म है जिन्होंने घटिया सिनेमा पर अपना करियर और दौलत बनाई। वो सिनेमा जो शोर-शराबे और मसाले से भरा हुआ, हमारे गले में जबरदस्ती उतारा गया था, अब जल्द ही वेंटिलेटर पर सांस लेने के लिए संघर्ष करता हुआ नजर आएगा।'

आगे ट्वीट में रामगोपाल वर्मा ने बिना नाम लिए बड़े एक्टर्स को भी लताड़ा है। वह ट्वीट में लिखते हैं, ' फिल्म 'धुरंधर 2' उन सभी फिल्म निर्माताओं को बुरी तरह डरा देगी जो आज भी स्टार्स को भगवान की तरह पूजते हैं। रणवीर सिंह की इस फिल्म ने उन सभी हीरोज को मार डाला है जो कभी खून नहीं बहाते, कभी दर्द महसूस नहीं करते हैं।' डायरेक्टर ने बॉलीवुड के उन हीरो को सर्कस का जोकर तक कह दिया है। रामगोपाल वर्मा ने अपने ट्वीट में कई और बातें कही हैं। लेकिन आखिरी में वह 'धुरंधर 2' के डायरेक्टर आदित्य धर को जमकर सराहते हैं। वह ट्वीट में लिखते हैं, 'फिल्म 'धुरंधर 2' सिर्फ एक मूवी नहीं है। यह एक फैसला है। आदित्य धर ने उस तरह के सिनेमा का सिर काट दिया है, जिसने दर्शकों की समझ का अपमान किया है। जिसने कहानियों की जगह भड़कीले और दिखावटी विजुअल्स को दिखाया, जिसने हीरो को भगवान और दर्शकों को भेड़ बना दिया।



# इमेज के लिए नहीं करता देशभक्ति फिल्में

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने अपनी कनाडाई नागरिकता पर खुलकर बात की है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में अक्षय ने बताया कि उन्होंने कनाडा शिफ्ट होने का फैसला तब लिया था, जब उनकी बैक-टू-बैक 16-17 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। अक्षय ने साफ किया कि वह देशभक्ति वाली फिल्में अपनी कोई खास इमेज बनाने के लिए नहीं करते हैं, बल्कि इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें वह विषय सही लगते हैं।

### लगातार फिल्में फ्लॉप हुई तो लिया था फैसला

अक्षय कुमार ने बताया कि उनके करियर में एक ऐसा दौर आया था जब उनकी 16-17 फिल्में लगातार फ्लॉप हो गई थीं। अक्षय के मुताबिक, मेरे पास काम तो था लेकिन सिर्फ 3-4 फिल्में बची थीं। उस वक्त मुझे लगा कि अब कुछ और करना चाहिए। मुझे कनाडा में काम मिल रहा था, तो मैंने वहां जाकर छोटा सा बिजनेस करने का प्लान बनाया था। इसी दौरान अक्षय ने कनाडा की नागरिकता ली और उन्हें वहां का पासपोर्ट मिल गया। अक्षय ने कहा की कमाल की बात यह रही कि मेरी जो 3 फिल्में रिलीज होने वाली थीं, वो तीनों ही हिट हो गईं। मुझे फिर से भारत में काम मिलने लग गया। मैंने अपने दोस्त से कह दिया कि मैं अब नहीं आ रहा हूं और भारत में ही रहूंगा। उस बीच मैं पासपोर्ट वाली बात भूल गया। मेरे लिए वह सिर्फ एक ट्रैवल डॉक्यूमेंट था।

### इमेज बनाने के लिए नहीं करता देशभक्ति फिल्में

जब अक्षय से पूछा गया कि क्या 'केसरी' जैसी फिल्में उन्होंने नेशनलिस्ट हीरो की इमेज बनाने के लिए कीं? इस पर उन्होंने कहा, मैं जो भी काम करता हूं, अपनी इमेज बनाने के लिए नहीं करता। मैं बहुत काम करता हूं, लेकिन देशभक्त की इमेज बनाने के लिए नहीं। मैं वो काम करता हूं जो मुझे अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि लोगों को लगता है कि मैं ट्रोलिंग से बचने के लिए ऐसी फिल्में करता हूं, जबकि ऐसा नहीं है।

### भारत में सबसे ज्यादा टैक्स भरा, फिर भी लोग बोलते हैं

ट्रोलिंग पर दुख जताते हुए अक्षय ने कहा, लोग मुझे कैनेडियन-कैनेडियन कहने लगे, तो मैंने पासपोर्ट ही बदल लिया। मुझे समझ नहीं आता कि लोग इतना क्यों बोलना चाहते हैं? वह सिर्फ एक पासपोर्ट था, जबकि मैं टैक्स भारत में भरता हूं। जब मैं कैनेडियन था, तब भी मैंने भारत में सबसे ज्यादा टैक्स भरा। मैंने कनाडा में कभी टैक्स नहीं भरा, लेकिन इसकी कोई बात नहीं करता।

### 2023 में मिली भारत की नागरिकता

अक्षय कुमार के पास लंबे समय तक कनाडा की नागरिकता रही, जिसके कारण उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था। साल 2023 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अक्षय ने जानकारी दी थी कि उन्हें अब भारतीय नागरिकता और पासपोर्ट मिल गया है। इससे पहले वे कनाडाई नागरिक होने के कारण भारत में वोट भी नहीं डाल पाते थे।

# बड़े पैमाने पर शिवाजी की कहानी को दिखाना चाहते हैं रितेश



रितेश देशमुख अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'राजा शिवाजी' के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी को बड़े पर्दे पर लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में 'धुरंधर 2' के साथ फिल्म का टीजर दिखाया गया, जिसे देखने के बाद फैंस इस फिल्म के लिए और भी उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता-निर्देशक रितेश देशमुख के लिए यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई प्रयास से कहीं बढ़कर है। यह एक बेहद निजी सफर है, जो एक महाराष्ट्रीयन के रूप में उनकी जड़ों से जुड़ा है। उनका मानना है कि इस महान योद्धा राजा का किरदार निभाना उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी की बात है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं


वैरायटी से बात करते हुए रितेश देशमुख ने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक मराठी परिवार से होने के नाते, हम छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की कहानियां पढ़ते और सुनते हुए बड़े हुए हैं। उनकी प्रासंगिकता आज की पीढ़ी में भी उतनी ही सच्ची है। मुझे नहीं लगता कि दुनिया में उनके जैसा कोई दूसरा है। मैं गुरुओं या देवताओं की बात नहीं कर रहा। मैं एक ऐसे राजा की बात कर रहा हूं, जो लगभग 350 साल पहले रहते थे, लेकिन आज भी लोग उनके लिए सब कुछ कुर्बान करने को तैयार हैं। वो आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। एक ऐसे राजा जिन्होंने एक अमर विरासत छोड़ी है, जो आज भी प्रेरणा देती है। फिल्म को लेकर रितेश देशमुख ने कहा कि 'राजा शिवाजी' एक मराठी द्विभाषी फिल्म है। हम अन्य भाषाओं में भी फिल्म बनाने की सोच रहे हैं। हमारा उद्देश्य इसे बड़े पैमाने पर बनाना है। अक्सर, मराठी फिल्में सीमित दायरे में ही बन पाती हैं। जनसंख्या के हिसाब से, महाराष्ट्र में लगभग 12 करोड़ लोग हैं, जिनमें से लगभग 10 करोड़ मराठी भाषी हैं। यह कई अन्य राज्यों या यहां तक कि देशों की जनसंख्या से कहीं अधिक है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस के आंकड़े इसे नहीं दर्शाते। क्षमता तो है ही, जैसा कि 'सैराट' (2016), 'लाई भारी' (2014) या 'वेद' (2022) ने दिखाया है। मैं महाराष्ट्र की व्यावसायिक क्षमता का लाभ उठाना चाहता हूं। शिवाजी महाराज को पूरे भारत में पूजा जाता है। हम चाहते हैं कि लोग देखें कि राजा के निर्माण में क्या-क्या शामिल था और उनके बचपन पर किन-किन चीजों का प्रभाव पड़ा।

### हम एक नए पहलू को बताने की कोशिश कर रहे हैं

फिल्म की कहानी और शूटिंग अनुभव को लेकर अभिनेता ने कहा कि कहानी उनके एक साक्षी होने से शुरू होती है। फिर उनके प्रश्न पूछने तक और अंत में उनके द्वारा अपने भविष्य के बारे में फैसले लेने तक जाती है। हम उनके व्यक्तित्व के एक बिल्कुल अलग पहलू की पड़ताल कर रहे हैं। यह जितनी ऐतिहासिक गाथा है, उतनी ही यह एक परिवार की कहानी भी है। एक पिता, एक पुत्र, एक पति और एक भाई की कहानी। उनका 50 साल की कम उम्र में ही निधन हो गया, लेकिन तब तक उन्होंने बहुत कुछ हासिल कर लिया था। मैं उनके जीवन को ढाई-तीन घंटे में समेटने की कोशिश कर रहा हूं।

### 1 मई को रिलीज होगी 'राजा शिवाजी'

रितेश देशमुख ने 'राजा शिवाजी' में न सिर्फ अभिनय किया है, बल्कि इसे निर्देशित भी किया है, कहानी भी लिखी है और प्रोड्यूस भी किया है। फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी, जिसमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, फरदीन खान, महेश मांजरेकर, भाग्यश्री और सलमान खान के नाम शामिल हैं।



# साइबर फ्रॉड की रोकथाम के लिए प्रत्येक बैंक में साइबर हेल्पडेस्क काउंटर करें स्थापित : डीएम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति व समीक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें सरकारी योजनाओं के ऋण आवेदन व सब्सिडी दावों में लंबित प्रकरणों को नियमानुसार समय सीमा में निस्तारित किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, पीएम युवा स्वरोजगार आदि योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी आमजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में साइबर फ्रोड अधिक बढ़ गए है। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाना सुनिश्चित करें। जिससे साइबर अपराध में कमी आए। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि सभी बैंकों में साइबर फ्रॉड हेल्पडेस्क नाम से काउंटर को स्थापित किया जाएं। जिससे किसी खातेदार के साथ साइबर फ्रॉड होने पर वह तत्काल बैंक में आकर हेल्पडेस्क से उचित मदद ले सकें। बैठक में विभिन्न बैंकों की ओर से संचालित शाखाओं व उनकी उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात यानि सीडी रेशो में अभी भी काफी सुधार की संभावनाएं हैं। सीडी रेशो में सुधार के लिए सभी बैंक अधिकारी लोगों को अधिक से अधिक ऋण आवंटित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रायोजित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लिए ऋण आवंटन में बिलकुल भी देरी नहीं होनी चाहिए। इन योजनाओं के लाभार्थियों को उदारता से ऋण दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऋण देने वाले खातों की मॉनिटरिंग की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पशुपालन के ऋण वाले वाले ऋणी का मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशु का बीमा किया जाना सुनिश्चित करें। नाबार्ड की एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर स्कीम में बैंक अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं की जानकारी आम किसानों तक पहुंचाएं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। अग्रणी जिला प्रबंधक मंगेश कुमार ने बताया कि बैठक का उद्देश्य वित्तीय योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करना, बैंकों एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना और आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्राप्त करना है। बैठक में विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## अरबन बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** दी धौलपुर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड धौलपुर की चौथी नवीन शाखा का शुभारंभ राधेश्याम पेट्रोल पंप के पास , जिरौली पर हुआ। आयोजन में बैंक के चैयरमेन वीर दिग्वेंद्र राना, मुख्य अतिथि उप पंजीयक सहकारी समितियां सत्येंद्र सिंह मीणा व विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक के सचिव ताराचंद्र मेहरा ने वैदिक रीति से पूजन कर तथा फीता काट कर बैंक की नवीन शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। आयोजन में बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्षमादान सिंह चौधरी, शाखा प्रबंधक प्रवीण पाल सिंह, प्रशासनिक सलाहकार राकेश बाबू परमार, जिरौली के पार्षद वीरेंद्र सिंह तथा संचालक मंडल के सदस्य राजीव रस्तोगी व जितेंद्र कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मजदूर की बेटी अनुपमा बनी टॉपर: 92.50' अंक लाकर बढ़ाया गांव का मान, सरकारी स्कूल ने फिर दिखाई ताकत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के राउमावि टहरी की छात्रा अनुपमा कुशवाहा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92.50 प्रतिशत (555/600) अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव टहरी का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों के बीच पली-बढ़ी अनुपमा की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। अनुपमा के पिता राघवेंद्र कुशवाहा मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, जबकि माता राजेश्वरी गृहणी हैं। आर्थिक अभाव के बावजूद बेटी ने मेहनत और लगन से पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। पिता राघवेंद्र ने भावुक होकर कहा, 'हम मजदूरी कर परिवार चलाते हैं, बड़े निजी स्कूलों में पढ़ाना संभव नहीं, लेकिन बेटी ने मेहनत से साबित कर दिया कि सरकारी स्कूल भी किसी से कम नहीं। ' स्थानीय निवासी डी.के. कुशवाहा ने बताया कि अनुपमा ने ग्रामीण परिवेश में रहकर पढ़ाई करते हुए निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को पीछे छोड़ दिया, जो बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की। विद्यालय का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। सभी 37 विद्यार्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए और स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यह उपलब्धि सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाती है।

## महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्ला बोल: पहली बैठक के बाद गैस कीमतों पर जोरदार प्रदर्शन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से आई पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव साझा किए। बैठक के बाद महिला कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई, खासकर रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, विशेष रूप से रसोई गैस के दामों ने गृहिणियों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जनहित के मुद्दों पर आवाज बुलंद की।

## ग्राम विकास अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट की अध्यक्षता में पंचायत समिति धौलपुर के ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायतों में संवेदकों की ओर से की जा रही सफाई व स्वामित्व योजना पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी कलस्टर प्रभारी तथा ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदकों की ओर से की जा रही सफाई का नियमित निरीक्षण कर प्रतिदिन की रिपोर्ट व फोटो ग्रुप पर षेयर करें। संवेदकों की ओर से सफाई न किए जाने की स्थिति में उनको नोटिस देकर नियमानुसार कार्यवाही करें तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में स्वीकृत कार्यो को तीन दिवस में पूर्ण कर भुगतान कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वामित्व योजना में पिछड़ रही ग्राम पंचायतों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी और सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर विकास अधिकारी राजेश लवानिया और सभी कलस्टर प्रभारी व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहें।

## कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिए कृषि उपकरण वितरित

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** राजिविका ब्लॉक सायला के प्रगति सीएलएफ बिशनगढ़ के अंतर्गत कलस्टर स्तर पर महिला समूहों एवं किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिए कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम बुधवार को पूर्व सरपंच व जिला प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित क़े मुख्य आतिथ्य मे आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रैक्टर, रोटावेटर, कल्टीवेटर, सीड ड्रिल व डिस्क प्लाऊ जैसे आधुनिक कृषि उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रवक्ता -भारतीय जनता पार्टी जालोर व पूर्व सरपंच सायला सुरेश राजपुरोहित उपस्थित रहे। उनके साथ राजिविका जिला प्रबंधक राकेश कुमार मीणा भी मौजूद रहे। अतिथियों ने सीएलएफ पदाधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से चाबी वितरित कर उपकरणों का हस्तांतरण किया। पूर्व सरपंच राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी और समय व श्रम की बचत होगी। उन्होंने राजीविका महिला स्वयं सहायता समूहों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डबल इंजन सरकार क़े मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की पहल आजीविका संवर्धन के तहत की जा रही है, जिससे समूहों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके और कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम में सीएलएफ के पदाधिकारी, अध्यक्ष गौरी देवी सचिव मंजू देवी, कलस्टर मैनेजर इंद्रा कुमारी, ARP प्रदीप गर्ग, IFC anchor विक्रम सिंह भायल, द्रव्यमोहन सिंह सहित महिला समूह सदस्य व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## बालिका शिक्षा व सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए योजना का हो क्रियान्वयन: कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप प्रबंधन व महिला समाधान समिति की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में वन स्टॉप सेंटर पर प्राप्त प्रकरणों व उनके निस्तारण पर चर्चा की। जिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ समाधान करते हुए समय समय पर फॉलोअप के निर्देश दिए। महिला समाधान समिति के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने सभी कार्यालयों में जहां दस या दस से अधिक कार्मिक कार्यरत है, वहां आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि महिला सुरक्षा सलाह केंद्र पर दर्ज प्रकरणों की नियमित समीक्षा और फॉलो अप लिया जाए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संबंध में जिला कलक्टर की ओर से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि, बालिकाओं की अधिकता वाले राजकीय विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, खेल गतिविधियों में बालिकाओं को प्रोत्साहन देने हेतु स्पोर्ट्स किट इत्यादि के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा महिला थानों में संचालित महिला सुरक्षा सलाह केंद्रों द्वारा घरेलू हिंसा के प्रकरणों में की जाने वाली काउंसलिंग की महत्ता पर चर्चा की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुक्खो देवी मीणा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चेतराम मीणा, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता भूपेश गर्ग, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता देवेंद्र जांगल, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पप्पू सिंह सिकरवार, सहायक लेखा अधिकारी मांगीलाल आर्य, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र मीणा, कनिष्ठ लेखाकार अजय मीणा, कनिष्ठ सहायक बनवारी कुंतल, भावना शर्मा, शिप्रा पचौरी आदि उपस्थित रहे।

## भुवनेश्वर पैरा एथलेटिक्स में जालोर की ललिता गर्ग ने जीते रजत व कांस्य पदक

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** भुवनेश्वर में आयोजित 24 वीं राष्ट्रीय स्तरीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में बोरवाड़ा (जालोर) निवासी मोहनलाल गर्ग की पुत्री ललिता कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ललिता ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। ललिता कुमारी की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का बड़ा योगदान रहा है। वे प्रशिक्षक अरविंद वैष्णव के मार्गदर्शन में तैयारी कर रही थीं। प्रतियोगिता के दौरान रनर के रूप में कुलदीप का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिनकी मदद से ललिता ने अपनी क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ललिता कुमारी इससे पूर्व भी कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने खेलो इंडिया प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन से वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। इस अवसर पर नेत्रहीन विकास संस्थान की अध्यक्ष सुशीला बोरा ने ललिता को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ललिता जैसी बेटियां कठिन परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त कर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। ललिता कुमारी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जालोर जिले और राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## धौलपुर में जेंडर जागरूकता की पहल: 250 छात्रों को मिला नेतृत्व और समानता का पाठ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जगन फाउंडेशन ने 'द अजादी प्रोजेक्ट' के सहयोग तथा लिब्रा फिलैंथ्रोपीज के समर्थन से लुहारी व गुन्ना का पुरा स्कूलों में जेंडर सेंसिटिव सिटिजनशिप कार्यक्रम का दो माह का पायलट सफलतापूर्वक पूरा किया। इस पहल से करीब 250 छात्र लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के तहत 8 से 16 वर्ष के विद्यार्थियों को जेंडर पूर्वाग्रह पहचानने, भेदभाव का विरोध करने और समानता आधारित सोच विकसित करने के लिए इंटरएक्टिव गेम्स, वर्कशॉप, समूह चर्चा व प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए गए। लुहारी स्कूल के प्राचार्य अम्बरीश चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों ने अनुभवात्मक गतिविधियों के माध्यम से जेंडर संवेदनशीलता को समझा और लक्ष्य निर्धारण जैसे सत्रों से अपने भविष्य के प्रति नई दृष्टि विकसित की। जगन फाउंडेशन के संस्थापक दुष्यंत शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और यह पहल भविष्य में जेंडर-न्यायपूर्ण नेतृत्व विकसित करने का मजबूत आधार बनेगी। वहीं 'द अजादी प्रोजेक्ट' की संस्थापक प्रियाली सुर ने इसे युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ और नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.त्रिलोक चंद, मेडिकल ऑफिसर, गवर्नमेंट योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, धौलपुर ने अपने संबोधन में नशे की लत के गंभीर दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने चिकित्सकीय अनुभव के आधार पर बताया कि नशा मानव शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे मस्तिष्क, यकृत और हृदय को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। साथ ही उन्होंने मानसिक प्रभावों जैसे तनाव, चिंता, अवसाद और भावनात्मक अस्थिरता पर भी चर्चा की। उन्होंने योग और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी. एल. गुप्ता ने विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि साथियों का दबाव और जागरूकता की कमी कई बार विद्यार्थियों को गलत दिशा में ले जाती है, इसलिए आत्म-नियंत्रण, सकारात्मक सोच और अच्छे वातावरण का होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करने की सलाह दी। एंटी-ड्रग अधिकारी विजय कुमार अग्रहरी ने नशा संबंधित कानूनी प्रावधानों और रोकथाम के उपायों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. के. के. उपाध्याय ने किया। इस दौरान शिवकांत शर्मा, मिलेश चौहान, ब्रजेश त्यागी, विनय बघेला, गिरराज गिरी, उत्तम चौधरी, सौरभ शर्मा, निरंजन सिंह, सृष्टि, वंशिका एवं माधव गर्ग की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सखा-सखी टीम, जिसका नेतृत्व मनीष चौधरी का विशेष योगदान रहा। टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम की तैयारी, समन्वय एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. बी. एल. गुप्ता ने सखा-सखी टीम के 10 सदस्यों को किट वितरित की। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण विद्यार्थियों की प्रस्तुत पोस्टर प्रदर्शनी रही, जिसमें विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। इन पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य पर इसके असर तथा समाज में इसके नुकसान को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। पोस्टर प्रतियोगिता में नमन शर्मा ने प्रथम, प्रियांशु ने द्वितीय तथा पलक शर्मा एवं सौम्या सक्सेना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, भाषण एवं चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ और नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ के साथ हुआ।

## मुनि संघ का बिजौलियां में मंगल प्रवेश

**बिजौलियां(निस)।** मनुष्य को जीवन में शुभ यादें हमेशा याद रखनी चाहिए जिससे धर्म ध्यान भी आगे बढ़ सकता हैं।इसमें मुख्य रूप से भगवान की प्रतिमा, गुरु पंचकल्याण महोत्सव, धार्मिक आयोजन आदि की स्मृतियां हमेशा दिमाग में रहनी चाहिए। यह विचार दिगंबर जैन मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने बुधवार को बिजौलियां मंगल प्रवेश पर श्री दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पर धर्म सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि तीर्थ वंदना में पदविहार का ज्यादा महत्व हैं,न कि वाहनों में जाने से। सिंगोली दिगंबर जैन समाज ने मुनि श्री का पद प्रक्षालन किया। महिला मंडल ने शास्त्र भेंट किए। दीप प्रज्वलन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी ,बड़ा मंदिर व छोटा मंदिर के सदस्यों ने किया। मंगलाचरण तपोदय पाठशाला की बालिकाओं ने प्रस्तुत किया ।तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा अर्हम योग का विशाल शिविर लगाने के लिए दिगंबर जैन मुनि से निवेदन किया गया। बड़ा मंदिर कमेटी बिजोलिया की ओर से गांव में प्रवेश के लिए भी निवेदन किया और गांव में भी 27 मार्च को अर्हम योग का शिविर लगाया जाएगा। 700 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए यह मुनि संघ बिजौलियां पहुंचा जगह-जगह जैन समाज के लोगों ने स्वागत किया और बड़े बाबा के मंदिर के वहां 51 थालियों में क्रमबद्ध पद प्रक्षालन किया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEEER**
**P.H.E.D CITY DIV. IV (NORTH) JAIPUR**
Email:eenorth4.jai.phed@rajasthan.gov.in
Telephone No-0141-2988545

No.: E.E./CD4(N)/2025-26/ Dated:

**Notice Inviting Bid**

Bids for Procurement of 1. Providing, lowering, aligning and fixing in position in pipe line Butterfly valves and Non-return valves (NRV) at Sector-8 and 9 pumphouse Vidhyadhar nagar under City Div. IV(North) Jaipur 2. Procurement of Desktop Computer and Multifunction Printer(MFP) under City Div. IV(North) Jaipur and 3. Replacement of main distribution header of Nanu nagar OHSR and other allied works at Sub Div. II(North) Murlipura under City Div. IV(North) Jaipur NIT No 55-57/2025-26 is invited from interested bidders up to 05:00 PM 27.03.2026 Other particulars of the bid may be visited on the www.sppp.rajasthan.gov.in of the state website.

UBN Code:
PHE2526WSOB15784
PHE2526WSOB15785
PHE2526GSOB15786

**Executive Engineer,**
**PHED City Div.IV(North)**
**Vidhyadhar Nagar Jaipur**

DIPR/C/6052/2026



**कार्यालय नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा**
**जिला - कोटपूतली - बहरोड़**

क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा/2025-26/भूमि/1210 दिनांक:- 25/03/2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 खेमजी श्रमिक प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है की प्रार्थी की खातेदारी भूमि का खसरा संख्या 873 रकबा 1.8200 है0 एवं 1824 / 2746 रकबा 0.40 है0 भूमि राजस्व ग्राम झीडागढ़ में स्थित है, जिसके मध्य खसरा संख्या 1824 रकबा 5.1300 है0 भूमि नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा की खातेदारी भूमि स्थित है। प्रार्थी द्वारा खसरा संख्या 1824 रकबा 5.1300 है0 भूमि में से स्वंय की भूमि मे आने-जाने हेतु 0.75 है0 अर्थात 7500 वर्गमीटर भूमि रास्ते हेतु दिये जाने बाबत् आवेदन किया है, जिसके संबंध में यदि आमजन को किसी भी प्रकार की आपत्ति / एतराज हो तो 10 कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे समयावधि उपरान्त आपत्ति पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावेगी

**(फतेह सिंह मीणा)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा**

## पेंशनरों ने प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज की उप शाखा सुजानगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में वित्त मंत्रालय की ओर से पेंशनर्स के विरुद्ध जारी वैद्यता अधिनियम 2025 को वापिस लेने के की मांग की गई है। इसी प्रकार सुजानगढ़ में पेंशनर्स भवन के लिए नगरपरिषद की ओर से 5 सौ मीटर भूमि आवंटित करवाने की मांग भी की गई है। इससे पहले कर्मचारी कल्याण केंद्र से समस्त पेंशनर बाजू पर काली पट्टी बांधकर जुलूस के रूप में उपखंड कार्यालय तक पहुंचे और विरोध जताकर नारेबाजी की। इस दौरान अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा, मंत्री सुरजाराम डाबरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याधर पारीक, मनालाल, नरेंद्र भाटी, बजरंगलाल नाई, तिलोकराम दूधवाल, रामचंद्र गोदारा, खींवाराम मेहरड़ा, किसनलाल कटारिया, रामचंद्र जाट, दीपाराम सांडेला, भंवरलाल बिजारणियां, भंवरलाल बुगालिया, हुकमीचंद, हाकम अली, ओंकाराराम, श्रवण कुमार सोनी, नंद किशोर टेलर, यादवेन्द्र त्रिवेदी, सत्य नारायण स्वामी, हुसैन खान, रजाक खान, लक्ष्मीपत तेजस्वी, लक्ष्मीनारायण सैनी, गोपालसिंह, कुंदनमल जांगिड़, अल्ताफ हुसैन, नथु राम मेहरड़ा, दीने खां कायमखानी, सुखलाल सोनी, विनोद कुमार सोनी, गोविंद राम माली, श्रवण कुमार स्वामी, श्याम सुंदर माली आदि मौजूद रहे।

## नर्मदा नायक बनी सब-जूनियर राज्य हॉकी टीम की कप्तान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मलसीसर की बेटी नर्मदा नायक के राज्य की सब-जूनियर हॉकी टीम का कप्तान नियुक्त होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व छात्रा नर्मदा नायक की इस उपलब्धि पर व्याख्याता धर्मसिंह मीणा ने खुशी का इजहार करते हुए नर्मदा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने बताया कि नर्मदा विद्यालय की एक होनहार छात्रा रही है, जिसकी इस उपलब्धि से सुजानगढ़ के साथ पूरे चूरू जिले का मान बढ़ा है। मीणा ने बताया कि छतीसगढ़ के राजनांदगांव में आयोजित होने वाली सब-जूनियर वेस्ट जोन महिला हॉकी प्रतियोगिता और झारखंड के रांची में 1 अप्रैल से शुरू होने वाली राष्ट्रीय सब-जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में राज्य की सब-जूनियर हॉकी टीम का कप्तान के रूप में नर्मदा नायक की ओर से नेतृत्व किया जाएगा। नायक समाज के तहसील सचिव हंसराज नायक ने बताया कि नायक समाज की बेटी के राजस्थान की सब जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनने से नायक समाज के साथ ही पूरे सुजानगढ़ क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है।



## लायन्स क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब रीजन 18 जोन 1 के चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया की अध्यक्षता में लायनिज्म वर्ष जुलाई 2026 से जून 2027 के लिए नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन हुआ है। स्थानीय माहेश्वरी भवन में इसके लिए आयोजित बैठक में अध्यक्ष पद पर प्रशांत पारीक, सचिव एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं कोषाध्यक्ष मुरली राठी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सभी लॉयन साथियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देकर माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझ पर सभी लॉयन साथियों ने जो विश्वास जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर नव पदाधिकारियों का स्वागत कमला सिंघी, सुषमा मूंधड़ा, सुनीता रावतानी, देवेंद्र बैदी, कमल तापड़िया, सुनीता तापड़िया, अशोक जाजू, देवकिशन मालपानी, अंकित चोटिया आदि ने किया।

## जैन श्वेतांबर विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय जैन श्वेतांबर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्थानीय परीक्षाओं का परिणाम बुधवार को ट्रस्ट सदस्य अजय किशोर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जांगिड़ ने जारी किया। इस अवसर पर जांगिड़ ने बताया कि प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षा प्रभारी रामचंद्र सैनी ने बताया कि विद्यालय की टॉपर चेतना धूत प्रथम, दीक्षा कंवर द्वितीय व सारिका कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उप प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद धुंआ ने अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, विजय शर्मा, लक्खू सिंह, हितेंद्र सिंह, पूनम वर्मा, सुमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सपना शर्मा ने किया।



# भाजपा प्रशिक्षण महाभियान तेजः कार्यकर्ताओं को 'राष्ट्र प्रथम' के साथ सरकार की योजनाओं का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स



**श्रीगंगानगर(निस)।** भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन निरंतर जारी है। जिला मीडिया संयोजक श्रीचंद चौधरी ने बताया कि 25 व 26 मार्च को श्रीकरणपुर नगर, अनूपगढ़ देहात, श्रीकरणपुर देहात, बाण्डा एवं सतजंडा मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण वर्गों में कार्यकर्ताओं को 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ संगठन मजबूती और जनसेवा के लिए तैयार किया जा रहा है। साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। विभिन्न सत्रों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य शिव स्वामी, पूर्व विधायक संतोष बावरी, पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा, जिला महामंत्री एडवोकेट अविनाश डाबी, प्रदीप धेरड़ एडवोकेट, सुरेंद्र गोदारा, करूण मित्तल, रामप्रकाश गोदारा, सतीश बवेजा एवं देव ढुंढाड़ा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण वर्गों के दौरान संबंधित मंडलों के पदाधिकारी भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्रीकरणपुर नगर में मंडल अध्यक्ष पवन पपनेजा, मंडल प्रभारी ओपी महेंद्रा, मंडल पालक पवन शर्मा; अनूपगढ़ देहात में नरेंद्र सिंह बराड़, सरदूल सिंह कंग, जगदीश मेघवाल; श्रीकरणपुर देहात में शिव भगवान जोगपाल, अमित चलाना, शिवप्रकाश तेहरपुरिया; बाण्डा मंडल में गुरविंद्र सिंह, अविनाश डाबी, जसकरण सरां तथा सतजंडा मंडल में मांगीलाल विश्नोई, चंद्रशेखर गौड़ व संतोष बावरी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिला स्तर पर यह प्रशिक्षण महाअभियान 30 मार्च तक निरंतर जारी रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेकर संगठनात्मक कौशल और जनसेवा के मूल मंत्र सीख रहे हैं।

### एसपी ने राजलदेसर थाने का किया औचक निरीक्षण

# अपराध होने से पहले रोकना प्राथमिकताः निश्चय प्रसाद

जयपुर टाइम्स




**राजलदेसर(निस)।** चूरू जिले में पदस्थापना के बाद पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद ने मंगलवार को राजलदेसर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण और पुलिस कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान एसपी ने एचएम ऑफिस, मालखाना, बैरिक, अनुसंधान कक्ष सहित थाने के विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में एसपी निश्चय प्रसाद ने कहा कि पुलिस व्यवस्था को इस तरह विकसित किया जाएगा कि अपराध होने से पहले ही उसे रोका जा सके। उन्होंने माना कि थाने में स्टाफ की कमी के कारण नफरी पर्याप्त नहीं है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी थानों का निरीक्षण किया जा रहा है और जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। सीएलजी सदस्यों में राजनीतिक भागीदारी और रजिस्टर में हस्ताक्षरों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वे नवपदस्थापित हैं और शीघ्र ही सीएलजी सदस्यों की सूची का नवीनीकरण किया जाएगा, ताकि व्यवस्था अधिक पारदर्शी और प्रभावी बन सके। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर एसपी ने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल का उपयोग करते समय किसी भी संदिग्ध या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाएं तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें, जिससे समय रहते कार्रवाई संभव हो सके। बेसहारा पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में भी प्रभावी रोकथाम के उपायों पर विचार किया जाएगा। साथ ही वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि 'दो मिनट की जल्दी के लिए तेज गति से वाहन न चलाएं, आपका जीवन अनमोल है।' निरीक्षण के अंत में उन्होंने कहा कि थाने की वर्तमान व्यवस्था संतोषजनक है, लेकिन इसे और अधिक बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# एक ही नंबर की दो बसें चलाने का खेल उजागरः परिवहन विभाग की कार्रवाई

### एक बस सीज, दूसरी का चेसिस जब्त



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में एक ही नंबर की दो बसों के संचालन के मामले में परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बस को सीज कर लिया, जबकि दूसरी बस का संदिग्ध चेसिस जब्त किया गया है। मामले की जांच के लिए परिवहन निरीक्षक कैन्हयालाल यादव मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की। जानकारी के अनुसार बस नंबर आरजे 14 पीए 0743 को लेकर शिकायत मिली थी कि एक ही नंबर की दो बसें संचालित की जा रही हैं। शिकायत के आधार पर जब परिवहन विभाग की टीम राजलदेसर पहुंची तो लाल भवन स्कूल के पास उक्त नंबर की एक बस खड़ी मिली, जिसे तत्काल सीज कर राजलदेसर थाने भिजवा दिया गया। वहीं दूसरी बस की तलाश में टीम को मालासी बास स्थित एक बाड़े में उसका चेसिस मिला, जबकि बस की बॉडी अलग स्थान पर पाई गई। जांच के दौरान चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि चेसिस नंबर को ग्राइंडर से मिटाने का प्रयास किया गया था, जिससे पूरे मामले में गड़बड़ी की आशंका और गहरा गई। परिवहन निरीक्षक कैन्हयालाल यादव ने बताया कि बस के मूल मालिक ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने बस बेच दी थी, लेकिन नए मालिक ने अभी तक नामांतरण नहीं करवाया और उसी नंबर से दो बसें संचालित की जा रही हैं। फिलहाल संदिग्ध चेसिस को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सूजानगढ़ भेजा गया है। विभाग का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कौनसी बस वैध है। जो बस सही पाई जाएगी उसे छोड़ दिया जाएगा, जबकि अन्य के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही बसों और बिना फिटनेस वाले वाहनों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। भविष्य में भी यदि इस प्रकार की अनियमितताएं सामने आती हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक न्याय के मामले में सरकार फेल

**मण्डावा(निस)।** कांग्रेस सीए प्रकोष्ठ झुंझुनूं जिलाध्यक्ष सीए विकसित तोलासरिया ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सीए प्रकोष्ठ के आर्थिक न्याय सम्मेलन में सरकार की आर्थिक नीतियों पर विफलता पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सीए प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नितिन व्यास, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा,चोमू विधायक शिखा मील बराला व जयपुर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से 300 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी भव्य व सफल बना।

## बिजली पोल से टकराई कार, लगी आगः रातभर गुल रही सप्लाई

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के लूणासर रोड पर मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे वाहन में आग लग गई और विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार कार असंतुलित होकर सीधे 11 केवी बिजली पोल से जा टकराई, जिससे चिंगारी उठने के साथ ही वाहन में आग लग गई। मौके पर मौजूद मोहल्लेवासियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली सप्लाई बंद करवाई और मिलकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सहायक अभियंता पंकज सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत शटडाउन लिया गया और मौके का निरीक्षण किया गया। पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र की बिजली सप्लाई प्रभावित रही। बुधवार सुबह वाहन मालिक मौके पर पहुंचा और विभाग को हुए नुकसान की भरपाई करने की बात कही। इसके बाद क्षतिपूर्ति राशि जमा करवाई गई। विद्युत विभाग की टीम ने मरम्मत कार्य कर सुबह करीब 11 बजे तक क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुचारू कर दी।

# जोधपुर डिस्कॉम के निजीकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन, कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया रोष

### सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** जोधपुर डिस्कॉम के निजीकरण की बढ़ती चर्चाओं के बीच सरदारशहर में कर्मचारियों और अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डिस्कॉम के सरदारशहर ग्रामीण उपखंड कार्यालय में कार्मिकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन करते हुए सरकार से निजीकरण के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निजीकरण लागू किया गया तो संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार डिस्कॉम को घाटे का उपक्रम बताकर बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। कर्मचारियों का मानना है कि यह कदम जनहित में नहीं है। सरदारशहर ग्रामीण के सहायक अभियंता राजेश कुमार मीणा ने डिस्कॉम के घाटे के वास्तविक कारण बताएं। उनके अनुसार समय पर सरकारी सब्सिडी का भुगतान न होना, बढ़ते आवश्यक खर्च और ठेकेदारी सिस्टम ही घाटे की मुख्य वजहें हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि सरकार समय पर भुगतान सुनिश्चित करे और खर्चों पर नियंत्रण रखे तो घाटे की स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। कर्मचारियों ने सरकार से निजीकरण की प्रक्रिया में तत्काल हस्तक्षेप कर इसे निरस्त करने की अपील की है। विरोध प्रदर्शन में सहायक अभियंता राजेश, जेईएन प्रतीक, सहीराम, पूनम कृष्ण, ने दिनेश, राजेश, लेखा अधिकारी किशनलाल प्रेमानी, मीरा बांगड़वा, हनुमान, श्रीराम और संजय सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैरी गोल्ड स्कूल में किया प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय गढ़ के पीछे स्थित मैरी गोल्ड वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा-10 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अभिषेक चोटिया, प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी शर्मा, निदेशक विनीत चोटिया ने विद्यार्थियों को मार्ल्यापण कर, साफा पहनाकर, दुपट्टा पहनाकर, तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। चोटिया ने बताया कि कक्षा 10 में 15 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय व चूरू का मान बढ़ाया है। इस दौरान आशीष शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, युविका शर्मा, रुचिका सैनी ने 97 प्रतिशत और दीक्षा सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निदेशक अभिषेक चोटिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों की मेहनत का ही यह परिणाम है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने विद्यार्थियों व अभिभावकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संजू शर्मा, मोहित पांडे, गिरीश मित्तल, अरुण महनसरिया, अनीता सैनी, सरोज स्वामी सहित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई, 42 घरेलू गैस सिलेंडर व 32 डायरी जब्त

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार बुधवार को जिला रसद टीम ने घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 42 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 32 डायरी जब्त की। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम, चूरू से प्राप्त शिकायत के आधार पर जिले के राजलदेसर तहसील के सिमसिया बिदावतान स्थित एक लिखमीचन्द पुत्र ईश्वरराम के घर के 42 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए तथा मौके पर ही 32 घरेल गैस डायरी बरामद की। इसी के साथ प्लास्टिक बोतलों में भरा 20 लीटर पेट्रोल भी जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सिलेण्डरों को उंचे दामों पर शादी-विवाह आदि में देने के लिए इकट्ठा किया गया था। जानकारी के अनुसार शादी - विवाह वालों को ही सिलेंडर बिक्री कर 2 हजार से 4000 रूपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से बेचना पाया गया हैद्य लिखमीचंद ई-मित्र संचालक भी है। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, आशा कंवर आदि शामिल रहे।



## मण्डावा में प्रतिभावान बेटियों का इस्तकबाल



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बिसाऊ मार्ग स्थित मुफीदे आम पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावा में बुधवार को कक्षा 10 के टॉपर्स बेटियों का इस्तकबाल किया गया। स्कूल प्रंबध समिति के सचिव नवाब खत्री ने बताया कि कक्षा 10 में आयशा पुत्री असलम सय्यद ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के उपलक्ष में यह अभिनंदन किया गया है। कार्यक्रम में स्कूल सदर हाजी फारूक जमाल खत्री, कोषाध्यक्ष रमजान मोम, अब्दुल्ला चौहान, अब्दुल रहमान, आसिफ खत्री, हाजी फारूक भाटी, इकबाल हुसैन भाटी, उमर तंवर साबिर सय्यद अमीन मोम आदि मंचासीन अतिथियों ने प्रतिभाओं को माला पहनाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रधानाध्यापक सतपाल कुलहरि ने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। व्यवस्थापक फारूक खत्री ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## करणी कृपा संस्थान का धमाकेदार रिजल्टः जेनिफर 98' के साथ टॉपर, लक्ष्मी ने 96' से चमक बिखेरी

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** करणी कृपा शिक्षण संस्थान, मंडावा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छात्रा जेनिफर (पुत्री जंगशेर खान) ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की सुप्रीम टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, जबकि लक्ष्मी शेखावत ने 96 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों में सौमिल जांगिड़ (91.83'), वर्षा शेखावत (91.33'), ऋषि निरानियां (90'), अनुप्रिया (87.17'), सचिन (87'), गुंजन (86') और रूद्र खांडल (80') ने भी अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। इस अवसर पर डायरेक्टर गणेश सिंह शेखावत एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
26 मार्च, 2026

## बोर्ड परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित, सुमित जोशी तहसील टॉपर

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ऑक्सफोर्ड पब्लिक विद्यालय में प्रतिमा सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जिसमें अभिभावकों व बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के छात्र सुमित जोशी ने कक्षा 10 वीं में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तहसील व विद्यालय का नाम रोशन किया। कुमारी प्रतिभा शर्मा ने 96.83 प्रतिशत तथा घनश्याम सैन ने 96 प्रतिशत प्राप्त किए। 12 विद्यार्थियों में 90 प्रतिशत से अधिक व 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक भंवरलाल वर्मा, प्राचार्य मनोहरलाल व प्रबंधक हिमांशु पूर्वा ने विद्यार्थियों को साफा व माला पहनाकर सम्मानित कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 8 में 16 विद्यार्थियों के A ग्रेड व 11 विद्यार्थियों ने B ग्रेड प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 5 में 29 विद्यार्थियों ने A ग्रेड व 4 विद्यार्थियों ने B ग्रेड प्राप्त किए। सभी बोर्ड कक्षाओं का परिक्षा-परिणाम शत प्रतिशत रहा हैं। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक ने सभी को बधाईयां दी।

## विद्यार्थियों को किया जल संरक्षण के प्रति जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई की ओर से अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वाल्मीकि बस्ती में ईकाई के बाबूलाल ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पानी बचाने के सरल उपायों की दी और उन्हें जल संरक्षण का संदेश अपने परिवार और समाज तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि जल संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के अध्यापक व पवन सिंह का सराहनीय सहयोग रहा।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में टॉपर बालिकाओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री गिरधारी लाल शिवनारायण टांटिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 10 की टापर्स बालिकाओं का सम्मान समारोह बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कक्षा 10 में 80' से अधिक अंक प्राप्त करने वाली आठ बालिकाओं, कक्षा 5 व 8 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं व स्थानीय परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर प्राचार्य विजय कुमार, प्राचार्य राजकुमार, प्रथम पारी प्रभारी प्रेमलता, द्वितीय पारी प्रभारी जुल्फैन, स्टाफ सचिव विकास पारीक की ओर से गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर कर अभिनन्दन किया गया। कक्षा दस में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली बालिकाओं में लक्ष्मी प्रजापत 96 प्रतिशत, वैशाली 87.50 प्रतिशत, हिमानी सैनी 84.83 प्रतिशत, हिमांशी सैनी 83.67 प्रतिशत, आलिया बानो 82.67 प्रतिशत, अंजलि कंवर 81.17 प्रतिशत, आरती सोनी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। प्राचार्य राजकुमार माली व स्टाफ सचिव विकास पारीक ने भी सभी को शुभकामना एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर स्टाफ सदस्य मनीष सेवदा, रमेश सैनी, रेखा पुरोहित, आसाराम, ताराचंद शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, नीलम चौधरी, कुमकुम निर्वाण, नम्रता वर्मा, राजवीर, शशिकांता, कौशल्या शर्मा, अशोक जाखड़, लालचंद बेनीवाल, सुमन कंवर, इंदरचंद चिरानिया, नन्दलाल पारीक, उर्मिला और जाकिर हुसैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश सांकृत्य ने किया।

## काली पट्टी बांध विद्युत विभाग के निजीकरण का विरोध



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम के खण्ड राजलदेसर के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्युत विभाग का निजीकरण करने के विरोध में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सहायक अभियंता पंकज सिंह ने बताया सरकार की ओर से विद्युत विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। जिसके विरोध में अधिकारी व कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा का सभी कर्मचारी विरोध है। सरकार को ध्यान में लाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया गया। जो हमारी युनियन की तरफ से निर्धारित है उस अनुसार विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में विधुत विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शबरी जैसे प्रेम से पुकारो तो राम अवश्य आते हैंः संत सीताराम महाराज

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज की ओर से आयोजित रामकथा के सप्तम दिवस व्यासपीठ से संत सीताराम महाराज ने राम के चित्रकूट प्रवास, निषादराज से भेंट और शबरी प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि सच्चे वात्सल्य प्रेम से पुकारने पर भगवान राम स्वयं भक्त के पास आते हैं। उन्होंने जाति-पांति के भेद मिटाकर प्रेमपूर्ण व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। कथा में मुख्य यजमान के रूप में पंडित नवीन हरितवाल, पुजारी गोपीकृष्ण इंदौरिया व राकेश इंदौरिया सहित महाकालेश्वर भक्त मंडल, भारत विकास परिषद, जाट समाज, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सदस्यों की ओर से व्यासपीठ पूजन कर कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि कथा श्रवण करने पहुंचे, जिनका संत सीताराम महाराज ने दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। गौसेवक सतीश पारीक ने भी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान परमेश्वरलाल आत्रेय, वासुदेव चाकलान, सुगनाराम कालेर, विजय कालेर, अंजू कालेर, सुभाष शर्मा, मधुसूदन शर्मा, पंडित मनोज महर्षि, सावित्री देवी, कल्याण सिंह चारण, दिलीप स्वामी 'मनु', भानुप्रिया शर्मा, शीशपाल भोपा, राजकुमार महर्षि, जगदेव सांखोलिया, विनोद वर्मा, रामगोपाल शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नूवां स्कूल का डिजिटल नवाचारः मेगा पीटीएम में ऑनलाइन जारी हुआ नॉन-बोर्ड कक्षाओं का परिणाम

जयपुर टाइम्स



**नूवां।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नूवां में आयोजित मेगा पीटीएम के दौरान एक महत्वपूर्ण नवाचार करते हुए गैर-बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम ऑनलाइन जारी किया गया। इस पहल से विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक दिनेश चोटिया ने विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर नॉन-बोर्ड कक्षाओं का परिणाम लॉन्च किया। इसका शुभारंभ प्रधानाचार्या पद्मश्री शर्मा एवं परीक्षा प्रभारी बलबीर थोरी ने संयुक्त रूप से किया। मास्टर ट्रेनर निलेश इंदोरिया ने बताया कि डिजिटल युग में ऑनलाइन परिणाम प्रणाली विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी है, जिससे वे घर बैठे आसानी से अपना परिणाम देख सकते हैं। यह पहल विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विद्यालय के पीटीआई अशोक कुमार अलड़िया ने कहा कि विद्यालय समय-समय पर नवाचार करता रहता है और यह कदम उसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और शिक्षक भी प्रोत्साहित हुए हैं। इस अवसर पर नाथीदेवी, राधा देवी, मनसुखी, साधना, मीरादेवी, गीतादेवी, मंजू कंवर, सोनम, मीना बरूपाल, रामगोपाल कुम्हार, नरेश कुमार, देवकरण, कविता कुमारी, विकास गोदारा सहित अनेक नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सहज राजयोग शिविर का शुभारंभ

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ब्रह्मा कुमारीज की ओर से आध्यात्मिक जागृति लाने के लिये 7 दिवसीय सहज राजयोग शिविर का लुहारा गाड़ा सेवा केंद्र पर शुभारंभ हुआ है। बी के सुप्रिया बहन ने आत्मा का सत्य परिचय देते हुए आत्मा के सात गुणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, पवित्रता, प्रेम, सुख, शान्ति, आनन्द, शक्ति.. इन गुणो की प्राप्ति हमें हमारी सत्य पहचान होने से ही मिल सकती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति ही हमारा परम ध्येय है। कार्यक्रम में शहर के भाई बहनों ने भाग लिया।

## जाजोद विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए आयोजित इस बैठक में कक्षा एक से 11 तक के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम सुनाए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र वितरित किए गए। जबकि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन तोबडिया ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की और सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को आगामी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत करने का मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं राधा शर्मा पुत्री दिलीप कुमार शर्मा और द्वितीय स्थान पर रहीं दिव्या कुमारी पुत्री शंकर सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में उप प्राचार्य महेंद्र सिंह खोखर, चंपा कुमारी, कमला सिंगड़, गुड्डी मीणा, अनीता, महेंद्र मलिंडा, बाबूलाल मीणा, गजानंद जाट, मुरारी लाल जाट, सुरेंद्र सिंह, रामनिवास दूधवाल, जितेंद्र कुमार, महेंद्र पालीवाल, मुकेश स्वामी, मोहन सिंह देवंदा, झाबरमल, फूलचंद कुड़ी और विष्णु कुमार जोशी सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## भींवसरिया स्कूल में मेगा पीटीएम का आयोजन

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय भींवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभागीय निर्देशानुसार मेगा पीटीएम का आयोजन कर स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। पी टी एम में राजेंद्र गिड़िया, बजरंग सेन, घनश्याम नाथ कच्छावा, सुलोचना प्रजापत, प्रमिला राठी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। पीटीएम में करीब 250 अभिभावक मौजूद रहे, जिन्होंने परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। प्रधानाचार्या शीतल मिश्रा ने बताया कि कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सनवीरा, दीपिका, मोनिका प्रजापत, अलवीरा, सुमन जाट, मुस्कान गोपालपुरिया, सोनाली सेन, मनीषा जांगिड़, साहिबा, मनीषा प्रजापत, पायल जांगिड़, बेला, साजिया, वर्षा आदि को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों को सघन प्रवेशोत्सव की जानकारी प्रदान की तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों से नामांकन वृद्धि की अपील की। उन्होंने जानकारी दी कि इंडियन सेंटर फॉर प्लास्टिक इन द एन्वायरमेंट की ओर से आयोजित "ऑल इंडिया स्कूल कॉन्टेस्ट 2025" में विद्यालय ने संपूर्ण भारत में तृतीय स्थान और राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए विद्यालय को -इंडियन सेंटर फॉर प्लास्टिक इन द एन्वायरमेंट की ओर से प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ की ओर से विद्यालय को तीन वॉइस एम्पलीफायर और दो सेनेटरी पैड डिस्पोज्ड मशीन प्रदान की गई।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 155 लोगों की जांच



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ व शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर एवं थानमल प्रेमादेवी गोठड़िया चैरिटेबल ट्रस्ट, सुजानगढ़ के आर्थिक सौजन्य से बुधवार को 31वां नेत्र चिकित्सा शिविर माहेश्वरी सेवा सदन में आयाजित किया गया। भामाशाह विनोद गोठड़िया, जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टर नील ने दीप प्रज्वलित किया। भामाशाह विनोद गोठड़िया ने लायंस क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविर लगाना व नेत्र ज्योति लाने में सहायक बनना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब के साथ मिलकर सेवा कार्य करने के लिए हम लोग हमेशा तत्पर हैं। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 155 रोगियों का परीक्षण किया व ऑपरेशन के लिए 55 रोगियों का चयन किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। लायंस क्लब की ओर से रोगियों को मुफ्त दवाइयां व चश्मे दिए गए। लॉयन एम जे एफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, एडवोकेट अंकित चोटिया, मुरली राठी, कमला सिंघी, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया एवम सहयोगी मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, आदिल भाटी व माहेश्वरी सेवा सदन के पवन शर्मा, विकास व टीम ने भी अपनी सेवाएं दी।

### ब्लड बैंक में ह नेगेटिव नहीं मिला, डॉक्टर ने किया तुरंत रक्तदान



**रतनगढ़(निस)।** गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती एक महिला को ब्लड की आवश्यकता होने पर परिजनों ने सनातन सेवा न्यास के संपर्क मंत्री उमाशंकर शर्मा से संपर्क किया। ब्लड बैंक में ह नेगेटिव ब्लड उपलब्ध नहीं होने पर उमाशंकर शर्मा ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुखवीर खीचड़ से संपर्क किया, जिनका ब्लड ग्रुप ह नेगेटिव है। डॉ. सुखवीर खीचड़ ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत एक यूनिट रक्तदान किया, जिससे समय पर मरीज को राहत मिल सकी और उन्होंने मानवता की मिसाल पेश की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डालमाण पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 135 दिनांक :-24.03.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https// eproc.rajasthan.gov.in एवं https// sppp. rajasthan. gov.in पर देख एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
UBN- PDN2526WSOB00415

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डालमाण
प.स. सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत डालमाण
प.स. सरदारशहर



## कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 19-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of cleaning work invited from interested bidders upto 11:30 AM 05-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2526SLRC39552, DLB2526SLRC39555, DLB2526SLRC39558, DLB2526SLRC39559

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

Raj.Samwad/C/25/23278



## कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 19-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of Supply Tractor & trolly work invited from interested bidders upto 11:30 AM 30-03-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2526SLRC39563, DLB2526SLRC39565

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

Raj.Samwad/C/25/23277



## विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 सी.पी.सी.)

### न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय तारानगर (चूरू)

वाद सं 69/2022 सन- 2026
धारूराम बनाम आशाराम आदि

प्रेषितिः- आशाराम पुत्र पन्नाराम जाति मेघवाल निवासी साहवा तहसील तारानगर जिला चूरू आपको सुचित किया जाता है कि धारुराम पुत्र काना निवासी साहवा तहसील तारानगर जिला चुरू ने अदालत हाजा में एक वाद कृषिभूमि खाता सं. 1200/117 रोही मोजा साहवा तहसील तारानगर जिला चूरू ने एक घोषणात्मक का वाद पेश किया है अतः आपको उक्त वाद का उत्तर देने के लिए तारीख 13/04/2026 को दिन के 10:00 बजे व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमे हाल से परिचित किया गया है मुक़दमे सम्बन्धी समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।
ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई की जावेगी ।
मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 11/03/2026 को जारी किया गया।

हस्ताक्षर
उपखण्ड अधिकारी



राजस्थान सरकार

## कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर (जिला चुरू)

तहसील परिसर, गॉधी चौक के पास सरदारशहर 331403

कमांक :-न.प.स./भूमिशाखा/2025-26/भू.उ.परि./2448-49 दिनांकः 25-03-2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

इस कार्यालय में श्री रतनलाल पुत्र फुसाराम गुर्जर निवासी किसान छात्रावास के पास सरदारशहर के द्वारा वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन कराने बाबत इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सरदारशहर के नवीनतम मास्टर प्लान 2036 में उक्त भूमि RESIDENTIAL श्रेणी में प्रावधानित है जिसका वाणिज्यिक उपयोग प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है । उक्त भूमि किसान छात्रावास के पास में स्थित है । उक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे ।
भूमि का स्थान :- किसान छात्रावास के पास वार्ड नं 23 सरदारशहर ।

आयुक्त
नगरपरिषद- सरदारशहर



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक - 6937-6951 दिनांकः 23-03-2026

**एकल स्त्रोत उपापन निविदा सूचना संख्या : 58 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http// dipr. rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http// eproc. rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A6258

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB26167 | 2 | PWD2526WSOB26168 |

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

DIPR/C/6068/2026



## कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email- msdbhchuru@gmail.com Phone: 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 4361 दिनांकः- 18,3,26

**-: ई - निविदा / निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेडशीट क्रय हेतु | 15.00 लाख | 29-03-2026 | MHS2526GLRC07543 |
| 2 | कूलर एवं फराटा फेन क्रय | 11.00 लाख | 29-03-2026 | MHS2526GLRC07544 |
| 3 | एसी क्रय हेतु | 4.40 लाख | 29-03-2026 | MHS2526GLRC07541 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरु

DIPR/C/5883/2026



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक - 6956-6970 दिनांकः 23-03-2026

**एकल स्त्रोत उपापन निविदा सूचना संख्या : 59 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों (जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो ) / विशिष्ट सेवा प्रदाताओं / विशिष्ट आपूर्तिकर्ताओं से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा एकल स्त्रोत उपापन निविदा आमंत्रित की जाती है ।
NIB No. - PWD2526A6276

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526SSRC26204 | 2 | PWD2526SSRC26205 |
| 3 | PWD2526SSRC26206 | | |

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्च माह में चल रहे सभी वित्तीय कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि बजट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। बजट घोषणाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए भूमि की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर भेजे जाएं। बैठक में पेयजल एवं बिजली आपूर्ति व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। आरएसआरडीसी द्वारा निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज, ऑडिटोरियम व रोडवेज बस डिपो के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किए जाएं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबड़ा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक सृष्टि, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, महिला एवं बाल विकास के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह लांबा, सीडीईओ अशोक शर्मा, डीईओ माध्यमिक राजेश मील, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ जितेंद्र स्वामी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ श्रीराम, उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादव, डीटीओ मोनू मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रामनवमी पर निकलेगी भव्य भगवा शोभायात्रा, पीले चावल बांटकर दिया निमंत्रण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिला मुख्यालय पर भव्य विराट भगवा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संतों का सानिध्य मिलेगा। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को शहर के बाजारों में व्यापारियों को पीले चावल बांटकर यात्रा में भाग लेने का निमंत्रण दिया। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शास्त्री मार्केट, धर्म स्तूप, रेलवे स्टेशन और नई सड़क क्षेत्र का दौरा कर व्यापारियों से सम्पर्क कर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की। समिति के ब्रह्मानंद राजोतिया ने बताया कि यह शोभायात्रा 26 मार्च को दोपहर 3 बजे इंद्रमणी पार्क से रवाना होकर शास्त्री मार्केट, रेलवे स्टेशन, नई सड़क, सुभाष चौक, सफेद घंटाघर और गढ़ चौराहा होते हुए राम मंदिर जायेगी। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जायेगा। इस अवसर पर गोपीचंद शर्मा, आशीष चोटिया, हरीश बजाज, मेजर विनोद शर्मा, कपिल चंदेल, सुरेश नाई, घनश्याम, रामचंद्र तुनवाल, सुशील जांगिड़, विकास सिंधी, सुरेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश शर्मा, गोपाल बालाण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं का विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत चाड़वास मंडल में देवाणी में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बीरमा राम नायक की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में वैचारिक अधिष्ठान बजरंग गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया और पार्टी की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। द्वितीय सत्र में भाजपा के इतिहास और विकास के बारे जानकारी जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने दी। जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कार्यपद्धति के बारे में बताया। जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी ने कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। पूर्व चैयरमेन गोपाल मारू मीडिया, सोशल मीडिया, एआई आदि के बारे में बताया। जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने बूथ प्रबंधन मन की बात, टिफिन बैठक के बारे में बताया। इस अवसर पर अर्जुनसिंह फ्रांसा, करनी सिंह मंडल अध्यक्ष, संयोजक हंसराज नायक, गोपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष किसन भाटी, नन्दनाथ सिद्ध, भागीरथ नाथ सिद्ध, युवा मोर्चा अध्यक्ष गंगाधर दर्जी, कार्यकारणी सदस्य डूंगराराम नायक, ओमप्रकाश नायक, नोरतन नायक, महावीर नाई, नरेंद्र सिंह शेखावत, गिरधारी मेघवाल, प्रभुराम मेघवाल, जितेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत, रामसिंह, हरजीराम प्रजापत, भोमाराम नायक, शंकर नायक, भंवर सिंह, धन्नाराम नायक, विजय कुमार नायक, बबलू सिंह, दयाल सिंह, श्यामलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# ईद मिलन बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर स्थित नए बस स्टेण्ड इंदौरी चाय वाला होटल में मंगलवार देर शाम को इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से ईद मिलन बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने की। मुख्य अतिथि मेजर परवेज शाह रहे। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। बैठक में अप्रेल महीने के दूसरे सप्ताह से परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान चलाने, शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने, खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित करने सहित अन्य कई सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष अध्यापक वसीम अली, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान, अध्यापक इमरान बी खान, अध्यापक आवेश कुरैशी ने अपने विचार व्यक्त किए। समिति अध्यक्ष अकबर खान की तरफ से अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस दौरान समिति संयोजक नौशाद खान, निदेशक सदस्य बिलाल खान, समाजसेवी हमीद खान रिसालदार , डॉ अखतर खान, अध्यापक अजीज खान, गुलाम हुसैन गौरी, यूनुस अली भाटी, महबूब खान, जाकिर खान, अबरार खान, रेहान खान, जाहिद खान, इंजमाम खान, मुस्तफा खान, सोयल खान, समीर खान, तंजील खिलजी आदि मौजूद रहे। व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान ने आभार जताया।

# झुंझुनूं में राज्य का पहला श्री अन्न सहकारी कैफे शुरू, महिलाओं को मिलेगा रोजगार



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में सहकारिता क्षेत्र के नवाचार के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में राज्य का पहला श्री अन्न सहकारी कैफे शुरू किया गया। इसका शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग, निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार मदनलाल गुर्जर ने किया। कैफे में ज्वार का पुलाव, रागी का उपमा, राबड़ी व छाछ से बने पेय पदार्थ परोसे गए। इस पहल के माध्यम से महिला सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा श्री अन्न के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। जिला प्रशासन की योजना के अनुसार इस तरह के कैफे जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी शुरू किए जाएंगे, जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिलेगा और आमजन को सस्ता व पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा कैफे परिसर में जल्द ही श्री अन्न से बने बिस्कुट, कुकीज व अन्य उत्पादों की बिक्री भी शुरू की जाएगी। यह पहल श्री अन्न को लोकप्रिय बनाने और स्वस्थ राजस्थान के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# जिले में उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम देकर बालिका हेतमसर ने रचा इतिहास



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हेतमसर ने जिले के राजकीय विद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल प्रविष्ट 30 छात्राओं में से 08 छात्राओं ने 90' से अधिक अंक प्राप्त किए है। विद्यालय की छात्रा दिव्या टाक पुत्री अजय टाक 95.67' अंक के साथ टॉपर रही है। उल्लेखनीय है कि 30 बालिकाओं में से 19 बालिकाएँ 75' से अधिक अंक अर्जित कर गार्गी पुरस्कार के लिए पात्र हैं । 29 प्रथम श्रेणी और एक द्वितीय श्रेणी के साथ कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 25 मार्च को विभागीय निर्देशानुसार पीटीएम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है की बुद्धवार को स्कूल प्रांगण में बेहतर परिणाम वाली छात्राओं को माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों और एसडीएमसी सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक सुमित्रा कुमारी द्वारा कृष्ण भोज का आयोजन भी किया गया । कार्यक्रम में आए अभिभावकों ने नामांकन वृद्धि और विद्यालय विकास में सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। प्रधानाचार्या अंजना चौधरी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पर्याप्त स्टॉक के बीच झुंझुनूं में 7,513 गैस सिलेंडरों की रिकॉर्ड डिलीवरी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता के बीच एक ही दिन में 7,513 सिलेंडरों की डिलीवरी कर प्रशासन ने आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा है। 23 मार्च को जिले में कुल 10,158 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ा। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि 45 दिन से घटाकर 25 दिन कर दी गई है। इससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सकेगी। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के निर्देश पर सभी उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों को व्यवस्था पर नजर रखने और नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कहीं भी कालाबाजारी या ओवररेटिंग जैसी शिकायतें सामने न आएं। जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी होती है या कोई एजेंसी अनियमितता करती है, तो वे उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 14435, 181 या 112 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर 01592-232237 पर भी संपर्क किया जा सकता है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि गैस सिलेंडर की डिलीवरी केवल उपभोक्ता के घर पर ही OTP/DAC कोड के माध्यम से की जाएगी, जो अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गोदाम या गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। डीएसओ डॉ निकिता राठौड़ ने भरोसा दिलाया है कि जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# होनहार छात्राओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय भूरमल मिश्र राजकीय बालिका विद्यालय नं 6 में छात्राओं का सम्मान समारोह निवर्तमान पार्षद रेवतमल पंवार बुधनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रिंकू सोनी, भंवरलाल पांडर, अजीत सिंह चैहान, सुरेंद्र सिंह चैहान, नरायणी कलवा, अजू गुर्जर, सन्तोष मेघवाल, गौरा, सुमेर सिंह, रीनू भार्गव, छगनलाल सांखला, रागिनी सोनी, शंकरलाल आदि ने बालिकाओं को स्मृति चिन्ह पर प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कालू लाखन, विश्वदेव सुन्गत, हरीश ढेनवाल, नोरतन तेजी, रामस्वरूप बरवासा, नोरतन पंवार, विशाल टाक, शिवा देनवाल आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 35 लोगों के निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र जनाब रफीक कूकड़ा के सौजन्य से आयोजित हुए निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन बुधवार को डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में हुआ। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में 35 रोगियों के निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से सफलता पूर्वक किए गए। ऑपरेशन हुए रोगियों को दवा व चश्मे निःशुल्क दिए गए। एडवोकेट पवन कुमार दाधीच की प्रेरणा से आयोजित हुए शिविर समापन अवसर पर भामाशाह रफीक कूकड़ा, डॉ अपूर्व कोटिया, क्लब प्रतिनिधि महावीर मीरनका, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, कुणाल सोनी, पूसाराम आदि उपस्थित रहे।

# सीडीईओ ने वाहिदपुरा स्कूल का किया औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा में बुधवार को सीडीईओ झुंझुनू अशोक शर्मा ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अशोक शर्मा ने विद्यालय के सभी कार्मिकों की मीटिंग लेते हुए निर्देश दिया कि पुरजोर मेहनत करते हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय का नामांकन बढ़ाना है। सर्वे में सभी का सहयोग लेते हुए विद्यालय में अधिक से अधिक नव प्रवेश करवाते हुए नामांकन में अभिवृद्धि कर सभी को श्रेष्ठ कार्य करना है। अच्छे परिणाम उत्तरोत्तर देते रहना है। प्रधानाचार्य सुमन कुमारी ने सीडीईओ अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहने की बात कही, विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। साथ में अतिरिक्त निदेशक अशोक जांगिड़ भी मौजूद रहे और विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की।

# होनहार दिव्या पंवार का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित बाल भारती इंटरनल स्कूल की दिव्या पंवार के 98.5 प्रतिशत अंक हासिल करने पर छात्रा का अभिनंदन समारोह स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। संस्था निदेशक नोपाराम मंडा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दिव्या के पिता लिखमाराम, दादा सोहनलाल पंवार, दिनेश तंवर, प्रदीप सर्राफ, फूलचंद बिजारणिया आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया। उसके बाद दिव्या को प्रधानाचार्या मैना जानू, रचना जांगिड़ आदि ने गुलाल लगाकर, नोपाराम मंडा ने साफा पहनाकर स्वागत किया और मुंह मीठा करवाकर बधाई दी गई। कार्यक्रम में अन्य होनहर विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान शाला स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थीगण मौजूद रहे। संस्था निदेशक नोपाराम मंडा ने कहा कि शाला स्टाफ की मेहनत की झलक बोर्ड परीक्षा परिणाम में नजर आई है।

# एचआरडी स्कूल में होनहारों का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मेगाहाईवे स्थित एचआरडी स्कूल में कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 94 प्रतिशत हासिल करने वाली हसरत बानो, 93.17 अंक प्राप्त करने वाली गुलसफा, 92.5 प्रतिशत विजेंद्र जाट, 91.83 प्रतिशत रजनी सारण, कृष्णा शर्मा, 90.33 प्रतिशत हासिल करने वाले कमलेश स्वामी का अभिनंदन संस्था निदेशक धर्मराज बटेसर, जगदीश भामू, श्रवण बिरड़ा, भंवरलाल गोदारा, अरूण, शेखर जोशी, विकास गुर्जर, सुमित लाटा, गजेंद्र सिंह आदि ने मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर किया। इस अवसर पर संस्था निदेशक धर्मराज बटेसर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है।




# मनिंदर स्कूल का शानदार रिजल्टः यशवंत सिंह 98.17% के साथ टॉपर



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/चनाना।** चनाना कस्बे के मनिंदर स्कूल ने राजस्थान बोर्ड की 10वीं परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के छात्र यशवंत सिंह ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों में योगेंद्र सिंह (97.83'), भावना कुमारी (97.17'), कनिष्का (96.33'), खुशी शर्मा (96.00'), अंकित कुमार (93.83'), अनुज कुमारी (93.33'), भूमिका (92.67'), निशांत (92.50'), दीपक कुमार (91.73'), वंश कुमार (91.67') एवं सुनील कुमार (90.50') ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर के साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को इस सफलता का श्रेय दिया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक कुलदीप सिंह धिवा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और व्यक्तिगत ध्यान के कारण विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/सफाई शाखा/2025/12365 दिनांक :– 18.03.2026
**–: ई–निविदा सूचना–2025–26 :–**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 30.03.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक DLB2526SLOB39454, DLB2526SLOB39455 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
राज.संवाद/सी/25/23287 आयुक्त, नगर परिषद, सुजानगढ